



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 16 अंक - 114 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 06 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## मुख्यमंत्री साय के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

# रायगढ़ की सड़कों पर नजर आया भगवा रंग

### महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान व पार्षद प्रत्याशियों के लिए लोगों से मांगा समर्थन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायगढ़ में आयोजित विशाल रोड शो में शामिल हुए और जनता से महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान और सभी वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयश्री दिलाने का आग्रह किया। नगर के सत्ती गुड़ी चौक से प्रारम्भ हुए इस रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रायगढ़ की सड़कों पर भगवा समंदर नजर आया। सड़कों के दोनों ओर हाथ में कमल का झंडा थामे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा पुष्पवर्षा के माध्यम से रोड शो का जगह-जगह स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

इस विशाल रोड शो का काफिला सत्ती गुड़ी चौक से प्रारम्भ होकर, घड़ी चौक, कोतवाली चौक, हटरी चौक से गुजरते हुए सुभाष चौक पहुंची, वहां से फिर रामनिवास चौक, गोपी टॉकीज रोड से आगे बढ़ते हुए शहीद चौक में समापन हुआ। सीएम साय ने रायगढ़ की जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मैंने लोकसभा में चार बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। आप सभी नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाएं, भाजपा के सभी पार्षद प्रत्याशियों को जिताएं, शहर के विकास की जिम्मेदारी आपके बेटे विष्णु देव साय की है।



#### नजूल भूमि पर रहने वालों को भू-स्वामी बनाने नया कानून लाएंगे

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नगरीय निकायों में कई पीढ़ियों से नजूल भूमि में मकान बनाकर रह रहे लोगों को उनके जमीन का मालिक बनाना है, इसके लिए नया कानून लाएंगे। शहरी क्षेत्रों में आने वाले समय में तीन लाख से अधिक पीएम आवास बनाएंगे। नगरीय क्षेत्र में रहने वाले, जो बिजली बिल, संपत्ति कर समय में पटाते हैं, उनको भी पीएम आवास का लाभ दिलाएंगे, 15 हजार मासिक आमदनी वाले, 5 एकड़ सिंचित और ढाई एकड़ असिंचित जमीन एवं दोपहिया वाहन वालों को पीएम आवास दिलाएंगे। महिलाओं के नाम से संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और जो 7 तारीख से पहले पटाते हैं उन्हें दस प्रतिशत की और छूट मिलेगी। नगरीय निकायों में आने वाले प्रत्येक बाजारों में माता-बहनों के सम्मान के लिए पिंक टॉयलेट बनाएंगे। अटल विश्वास पत्र के इन सभी वादों को हमारी सरकार पूरा करेगी। रोड शो में कैबिनेट मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान, जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान, गुरुपाल भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा, उमेश अग्रवाल, सुभाष पांडेय, सतीश बेहरा, अरुण कातोरे सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### जो घोषणाएं की हैं, वह विकास की गारंटी है

श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र में हमने नगरीय निकाय क्षेत्रों के विकास के लिए जो घोषणाएं की हैं, वह विकास की गारंटी है। जिस तरह मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है, ठीक उसी तरह हम अटल विश्वास पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे, ये हमारी गारंटी है। इसलिए रायगढ़ सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है।

#### महापौर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान की चाय दुकान में पहुंचे सीएम साय, खुद बनाई चाय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगरीय निकाय चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मिनीमाता चौक स्थित जीवर्धन चौहान की चाय दुकान पर पहुंचे। लोगों के आश्चर्य का उस समय ठिकाना न रहा, जब सीएम साय जीवर्धन की दुकान पर स्वयं चाय बनाने लगे। उन्होंने लोगों को चाय का वितरण भी किया और बोले ङ्क एक साधारण से कार्यकर्ता की मेहनत का उचित सम्मान, यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। जिस प्रकार चाय बेचने वाले नरेंद्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, ठीक उसी तरह भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता, चाय बेचकर अपना जीविकोपार्जन करने वाले, महापौर प्रत्याशी जीवर्धन भाई भी जनता के आशीर्वाद से रायगढ़ के महापौर बनेंगे, यहाँ का सर्वांगीण विकास करेंगे।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें चार बार सांसद के रूप में चुना और इस दौरान वे जीवर्धन चौहान के संपर्क में आए। बीस वर्ष में मैंने जीवर्धन चौहान को ईमानदारी से अपने क्षेत्र की जनता की सेवा करते देखा है, उनके साथ युवाओं की एक बड़ी टीम है। वे भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनकी जीत रायगढ़ नगर निगम में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

## खास-खबर

### चुनाव से दो दिन पहले और परिणाम के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**रायपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान मतदान की तारीख से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान संपन्न होने तक और नगरीय निकायों की मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस आशय के परिपत्र शासन द्वारा जारी कर दिया गया है।

परिपत्र के अनुसार, नगरीय निकायों में मतदान 11 फरवरी 2025 को और मतगणना 15 फरवरी 2025 को होगी। आम निर्वाचन क्षेत्रों में और निर्वाचन क्षेत्रों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी और विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान, रेस्टोरेंट, बार, होटल, क्लब आदि को मतदान की तारीख से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना तिथि 15 फरवरी 2025 को बंद रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। निर्वाचन क्षेत्रों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की दुकानें भी बंद रहेंगी।

### हिन्दू-मुस्लिम बच्चा पहचानने DNA टेस्ट का आदेश जारी

**दुर्ग।** जिला अस्पताल के मदर चाइल्ड वार्ड में बच्चा बदलने का मामला DNA टेस्ट तक पहुंच गया है। दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांच समिति और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू को डीएनए टेस्ट कराने के आदेश दे दिये हैं। जल्द ही DNA टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

सिविल सर्जन डॉ. साहू ने बताया कि बच्चा बदलने के मामले में जो जांच समिति गठित की गई थी, उसने अपनी जांच पूरी कर ली है। समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के सामने रखा है। रिपोर्ट के अवलोकन के बाद समिति ने बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए डीएनए टेस्ट कराने का आदेश जारी किया है। जल्द ही इसकी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसके लिए सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने दोनों नवजात का हेल्थ चेकअप शिशुरोग विशेषज्ञ द्वारा कराया। जांच के बाद पाया गया कि दोनो बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं और डीएनए टेस्ट किया जा सकता है।

### कॉलेज छात्र की लाश नदी से बरामद, दो अब भी लापता


**कोरबा।** जिले के दर्री स्थित हसदेव नदी में डूबे 3 कॉलेज छात्रों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। 27 वर्षीय सागर चौधरी का शव जलकुंभी के नीचे फंसा मिला, जिसे एसडीआरएफ और नगर सेना के रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। दो छात्रों की तलाश अब भी जारी है। बता दें कि कोरबा जिले से 3 कॉलेज छात्र सोमवार सुबह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी।

लगातार खोजबीन जारी था। इस बीच हसदेव नदी के बिंझरा घाट के पास छात्रों की बाइक और कपड़े बरामद किए गए थे। इसके बाद से हसदेव नदी में तीनों के डूबने की आशंका जताई गई, जहां पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना के रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी थी। टीम ने एक छात्र का शव बरामद कर लिया है। दो छात्रों की तलाश अब भी जारी है। बता दें कि लापता छात्रों की पहचान 18 वर्षीय आशुतोष सोनिकर (आईटीआई छात्र), 19 वर्षीय बजरंग प्रसाद (सीएसईबी कॉलोनी निवासी) और 26 वर्षीय सागर चौधरी (सीएसईबी कॉलोनी निवासी) के रूप में हुई है। इनमें से सागर चौधरी का शव बरामद कर लिया गया है। सागर का शव मिलने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# दुर्ग में महिला वकील डिजिटल अरेस्ट की शिकार

# दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर 41 लाख ठगे

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में जिला न्यायालय दुर्ग की एक महिला अधिवक्ता डिजीटल अरेस्ट की शिकार हो गई। महिला अधिवक्ता को दिल्ली पुलिस का आईपीएस अधिकारी बताकर फर्जी अकाउंट 8 करोड़ से ज्यादा की रमक जमा होने का डर दिखाया गया। यही नहीं जांच में सहयोज नहीं करने पर गिरफ्तारी का डर दिखा और 41 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। महिला अधिवक्ता को जब अहसास हुआ कि उसके खिलाफ बड़ी साजिश हुई है। महिला की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाली अधिवक्ता फरीहा अमीन कुरैशी डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो गई। महिला अधिवक्ता ने दुर्ग कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए पूरी जानकारी दी। उसने बताया कि दिल्ली के रहने वाले दीपक और सुनील कुमार गौतम का उसके फोन में वीडियो कॉल आया था। उन्होंने खुद को दिल्ली पुलिस से होना बताया। सुनील कुमार गौतम ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताया। उनके द्वारा मुझे यह बताया गया था कि सीबीआई पुलिस दिल्ली द्वारा संदीप कुमार के विरूद्ध मनीलॉन्ड्रींग केस ड्रग ट्रेफिकिंग आईडेन्टिटी थेफ्ट केश में जांच की जा रही। जिसमें उन्हे संदीप कुमार के कब्जे से 180 बैंक खाते प्राप्त हुए है जिसमें एक खाता फरीहा अमीन कुरैशी के नाम पर भी है।

#### आरबीआई के खाते में जमा कराए 41 लाख रुपए

महिला वकील को ठगों ने इस तरह डिजिटल अरेस्ट किया था कि वो हर दिन सुबह 9.30-10.30 बजे तक महिला से बात करता था। गौतम ने महिला को बताया कि महिला इतनी डर गई थी कि जैसा गौत उसे बोलता वो वैसा ही कर रही थी। इसके बाद उसने महिला से उसकी सभी बैंक जमा पूंजी को आरबीआई के अकाउंट में डालने बोला तो महिला ने पूरे 41 लाख रुपए उसमें डाल दिए। उसके बाद उस महिला को कोई फोन नहीं आया। महिला ने बताया कि उसकी बात जिस सुनील कुमार गौतम से हुई उसने खुद को आईपीएस और दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया था। उसने जो दस्तावेज भेजे और दिखाए उस पर भारत सरकार का तीन शेर वाला यानि अशोक स्तंभ का निशान था। नीली स्याही में सील लगी थी। इससे उसे विश्वास हो गया था कि वो लोग दिल्ली पुलिस और सीबीआई से ही हैं।

#### बार बार फोन कर दिखाते थे गिरफ्तारी का भय

पुलिस अधिकारी आईपीएस सुनील कुमार गौतम ने कहा की आरोपी संदीप कुमार बहुत ही बड़ा अपराधी है। यह प्रकरण बहुत बड़ा कॉनफिडेनशियल केस है इसलिये इसकी गोपनीयता बनाये रखना जरूरी है। किसी भी एक्टिविटीज से गोपनीयता भंग होने पर वह तत्काल सीबीआई माध्यम से गिरफ्तार कर लेंगे और फिर सीबीआई अपने स्तर पर जांच करेगी। यह पुलिस अधिकारी मुझे बार-बार सस्पेक्ट होने का भी ध्यान दिलाते थे और यह भी कहते थे कि इस कॉन्फिडेनशियल जांच में हमे मदद नहीं करने पर हम तत्काल अरेस्ट करेंगे और आप वकील है और आपको यह पता है कि सीबीआई कैसी प्रताडना देती है।

#### अचानक संपर्क टूटा, तब हुआ साजिश का अहसास

रोज फोन पर बात करने वाले दिल्ली पुलिस के आईपीएस सुनील कुमार से 4 फरवरी .2025 को सुबह 9.08 मिनट के बाद कोई संपर्क नही हो रहा है। मेरे नजदिकी पुलिस थाना कोतवाली में मेरे विरुद्ध की गयी जांच का एनओसी भी नही आया है और एसबीआई गंजपारा दुर्ग से मेरे द्वारा आरबीआई को ट्रांसफर की गयी राशि 41 लाख रुपा वापस खाते में मुझे प्राप्त नहीं हुई है। महिला वकील को अब यह आशंका हुई कि उसके विरुद्ध कोई साजिश की गयी है और मेरे साथ घोखा हुआ है। फिलहाल इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### 8.7 करोड़ रुपए जमा होने का दिखाया डर

दिल्ली पुलिस के नाम पर जो कॉल आया उसमें बताया गया कि महिला अधिवक्ता के नाम पर 18.12.2024 को खाता खुलवाया गया है। जिसमें लगभग 8.7 करोड़ रुपये जमा है और संदीप कुमार ने पूछताछ के दौरान यह बताया गया है कि सभी खाता धारकों ने संदीप कुमार से 10 प्रतिशत लेकर उक्त खाते खुलवाये हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने महिला अधिवक्ता का व्यक्तिगत विवरण मांगा। साथ ही दिल्ली बयान के लिए बुलाया गया और गिरफ्तारी का डर भी दिखाया गया। दिल्ली आने में असमर्थता दिखाने पर ऑनलाइन बयान देने की व्यवस्था बनाई गई। दिल्ली पुलिस अधिकारी ने ऑनलाइन सुनील कुमार गौतम आईपीएस दिल्ली पुलिस से मेरा परिचय कराया गया था जिनके द्वारा बयान लिया और चल अचल संपत्ति का विवरण लिया।

### सीएम साय बोले-दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकार, 10 साल तक आप ने दिया जनता को धोखा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस बार दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को जिताने का मन बना लिया है। दिल्ली में पांच फरवरी को हुए मतदान के बाद अब वहां भाजपा की सरकार बनना तय है। 10 सालों तक आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया जिसका परिणाम अब उन्हें भुगतना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की नीति व उनके कुशल नेतृत्व में इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए की। उक्त कार्यक्रम में देश के गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हो रहे हैं। इस दौरान सीएम साय ने विश्वास जताया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है। निश्चित रूप से दिल्ली में इस बार भाजपा की सरकार बनेगी।

## क्या किन्नर एक शरीर मात्र हैं

श्रीकंचनपथ




क्या किन्नर केवल एक शरीर मात्र हैं? क्या उनकी देह के प्रति उत्सुकता ही उनकी तमाम दुश्वारियों का कारण है? वैसे तो सभ्य समाज नारियों के प्रति भी क्रूर है। जब-जब किसी नारी की चर्चा होती है तो इसकी शुरुआत उसके रूप और यौवन से ही होती है। आज किन्नरों की बातें केवल इसलिए कि किन्नरों को हाल के वर्षों तक केवल जलालत ही झेलनी पड़ी है। समाज में उनकी हालत ऐसी है कि वे अकेली यात्रा करने में भी हिचकिचाती हैं। शायद इसके प्रतिवाद के लिए ही वे समूह में रहना या यात्रा करना पसंद करती हैं। तब यही समाज उनसे डरता है, उनसे दूर रहने की कोशिश करता है यहां तक कि नजरें मिलाने से भी कतराता है। कुंभ में एक आस्ताना किन्नर अखाड़े का भी है। हालांकि, यह आस्ताना अन्य अखाड़ों से दूर सेक्टर 16 में बना है। लोग वहां किन्नरों का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं। मान्यता ही कि किन्नरों का आशीर्वाद जीवन बदल सकता है। सनातन में किन्नरों को अर्द्धनारीश्वर शिव माना जाता है। कुछ ग्रंथों के अनुसार ये श्रीकृष्ण के मोहिनी रूप का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ किन्नर समाजों में किन्नरों का ब्याह इरावन से किया जाता है। एक दिन बाद ही वे विधवा हो जाती हैं और विलाप करते हुए शोककाल काटती हैं।

इसके मूल में महाभारत से जुड़ी एक कथा है। इरावन महान धनुर्धर अर्जुन और नागकन्या उलूपी का पुत्र था। वह बेहद शक्तिशाली और युद्धकला में निपुण था। महाभारत के युद्ध में उसने अकेले शकुनि के छः भाइयों का वध कर दिया। घनघोर युद्ध के बीच उसे न जाने क्या सूझी कि वह विवाह के लिए आग्रही हो उठा। वह कुंवारा नहीं मरना चाहता था। तब उसकी इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण ने मोहिनी रूप धारण किया और उससे विवाह रचा लिया। इरावन इसके दूसरे ही दिन युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त हो गया। मोहिनी रूप धरे श्रीकृष्ण इसके बाद पूरे दिन विलाप करते रहे। महाभारत की ही एक कथा के अनुसार जब अर्जुन इंद्रलोक में अस्त्र शस्त्र की शिक्षा प्राप्त कर रहे थे तब अपसरा उर्वशी उसपर मोहित हो गई। पर अर्जुन ने उन्हें माता कहकर संबोधित कर दिया। तब उर्वशी ने उसे एक साल तक किन्नर के रूप में जीवन यापन करने का श्राप दे दिया। अज्ञातवास का एक साल अर्जुन ने वृहन्नला बनकर व्यतीत किया। महाभारत में शिखण्डी का भी उल्लेख मिलता है। शिखण्डी भी एक किन्नर था जिसे एक यक्ष ने अपना पुरुषत्व दे दिया। अर्जुन ने जब भीष्म पितामह को पराजित किया तब यही शिखण्डी अर्जुन की सारथी थी। भीष्म शिखण्डी का राज जानते थे इसलिए उसे स्त्री मानते हुए उन्होंने अपने शस्त्र रख दिये। तभी अर्जुन उन्हें घायल करने में सफल हुआ। इतनी कहानियों के बावजूद किन्नरों को भारतीय समाज वह सम्मान नहीं दे पाया जिसकी वे हकदार थीं। अच्छा है कि कुंभ के बहाने उनके आशीर्वाद का प्रताप तो याद आया।




संपादकीय

# साय सरकार ने पिछली बार से ज्यादा धान खरीदा

राजनीति में उस राजनीतिक दल व उस सरकार पर जनता भरोसा करती है जो वादा करती है, उसे पूरा करने का प्रयास करती है और निरंतर सफल रहती है। जनता को लगता है कि इस सरकार ने जो कहा था वाकई उसे पूरा किया है। साय सरकार ने किसानों से कहा था कि इस बार पिछली बार से ज्यादा धान खरीदा जाएगा और उसने ऐसा कर दिखाया है। उसने किसानों से पिछली बार से ज्यादा धान खरीदा है।राज्य सरकार हर बार धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन करती है,हर बार ज्यादा किसान पंजीयन कराते हैं, इसलिए हर बार सरकार भी किसानों से ज्यादा धान खरीदने का लक्ष्य तय करती है यानी सरकार ने पिछली बार जितना धान खरीदा था, उससे ज्यादा धान खरीदी का लक्ष्य तय करती है।

> **यह लक्ष्य होता है कि इतना धान सरकार खरीद सकती है। इसका मतलब यह नहीं होता है कि इतना धान सरकार अनिवार्य रूप से खरीदेगी। इसके लिए सरकार किसानों को एक तय समय देती है जैसे इस बार साय सरकार ने किसानों को धान बेचने के लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय दिया था। यानी सरकार किसानों को दो माह से ज्यादा समय दिया था। इसके लिए जरूरी व्यवस्था की थी ताकि वह अपना धान सुविधा से बेच सकें। पिछली बार साय सरकार ने किसानों से 145 लाख मी.टन धान की खरीदी की थी, इस बार सरकार ने लक्ष्य तो 160 लाख मी.टन धान खरीदने का तय किया था लेकिन इस बार लक्ष्य से कम लेकिन पिछली बार से ज्यादा यानी 149 मी.लाख टन से ज्यादा खरीदी हुई है।**

यह अब तक की सबसे ज्यादा धान खरीदी है। साय सरकार ने इस बार सबसे ज्यादा धान खरीदी का नया रिकार्ड बनाया है। इस बार 27 लाख किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था उसमें से 25 लाख से ज्यादा किसानों ने अपना धान बेचा। जिन पंजीकृत किसानों ने धान बेचा है, उनको समर्थन मूल्य के हिसाब से 32 हजार करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। शेष अंतर की राशि का भुगतान साय सरकार फरवरी में करने का वादा किया है। अभी नगर निकाय व पंचायत चुनाव फरवरी में कराए जा रहे हैं। ऐसे में चुनाव में साय सरकार को धान की अंतर की राशि का भुगतान किसानों को करने का राजनीतिक फायदा हो सकता है, यह कितना होगा भले न कहा जा सके लेकिन किसानों के हाथ में पैसा आएगा तो किसान हितैषी भाजपा के पक्ष में वोट तो कर ही सकते हैं कि उसने जैसा कहा था वैसा किया।

एक तरफ तो साय सरकार ने किसानों का भरोसा फिर जीत लिया ज्यादा धान खरीद कर तथा ज्यादा पैसा देकर। दूसरी तरफ विपक्ष यानी कांग्रेस को फिर झूठा साबित कर दिया है। जब धान खरीदी शुरू हुई थी तो कांग्रेस ने कहा था कि सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती है, इसलिए धीमी गति से धान की खरीदी की जा रही है। सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती है, इसलिए धान खरीदी केद्रों में अव्यवस्था है। सरकार धान जितने दिन धान खरीदने के लिए तय किए है, उतने दिन में धान की खरीदी नहीं हो सकती। यह सच है कि साय सरकार ने इस बार जितना लक्ष्य था, उतना धान नहीं खरीदा है लेकिन यह भी सच है कि उसने पिछली बार से और भूपेश सरकार अपने समय मे जितना धान खरीदा था उससे तो ज्यादा धान खरीदा है। उससे ज्यादा पैसों में खरीदा है।

फिर भी साय सरकार को धान खरीदी में असफल बताने के लिए कांग्रेस तो यह कहती रही है कि सरकार ने किसानों को एकमुश्त पैसा नहीं दिया। सरकार ने जितना धान खरीदने को कहा था उतना धान नहीं खरीदा है। वह तो सरकार को किसान विरोधी बताने के लिए जरूर कहेगी कि सरकार ने धान खरीदी की अच्छी व्यवस्था नहीं की थी इसलिए दो लाख किसान अपना धान नहीं बेच पाए। कांग्रेस कुछ भी कहे यह सच है कि सरकार ने इस बार पिछली बार से ज्यादा अच्छी धान खरीदी की व्यवस्था की तब ही ज्यादा किसान ज्यादा धान बेच पाए हैं। सरकार पिछली बार से ज्यादा धान खरीद पाई है।

# अमेरिका से अवैध प्रवासियों की वापसी

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'अमेरिका प्रथम' अभियान पर अमल शुरू कर दिया है। ट्रंप ने चुनाव से पहले गैर कानूनी रूप से अमेरिका में रह रहे भारत समेत अन्य देशों के नागरिकों को वापस भेजने का सिलसिला तेज कर दिया है। इस क्रम में अमेरिकी शहर टेक्सास से 205 ऐसे भारतीयों को सैन्य विमान में लादकर अमृतसर में लाया गया है, जो गैर-कानूनी ढंग से अमेरिका में रह रहे थे। हालांकि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि अवैध अप्रवासियों का भारत स्वागत करेगा।**




इस पहली खेप में भेजे गए 205 प्रवासियों का भारत में रिहाईश का पूरा डाटा जांच करने के बाद लिया गया है। जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से इस मुद्दे पर सहमति 23 जनवरी 2025 को ही बन गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत में भरोसा दिया था कि जो सही होगा उसे स्वीकार करेंगे। अमेरिका के इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) की सूची के अनुसार ऐसे करीब 20,427 भारतीयों की सूची हैं, जो अवैध प्रवासियों की श्रेणी में आते हैं। इनमें से 17,940 भारतीयों के मूल निवासी होने के पतों का दस्तावेजी सत्यापन भी हो चुका है। इन्हें भी अमेरिका से निकालने की कार्यवाही चल रही हैं। हालांकि एक निजी एजेंसी के अनुसार अमेरिका में करीब 7.25 लाख भारतीय अवैध ढंग से रह रहे हैं।

हालांकि अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकाले जाने की बात कोई नई नहीं है। अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान 1100 लोगों को चार्टड विमान से भेज चुका है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में भारत समेत अन्य देशों के चार लाख से भी अधिक अप्रवासी निकाले गए थे। अमेरिका अब तक चार छोटे देशों ग्वाटेमाला, होंडूरास, इक्वाडोर और पेरू के अवैध प्रवासियों को निकाल चुका है। भारत पांचवां देश हैं, जहां के अवैध प्रवासियों को निकाला गया है। अमेरिका ने मैक्सिको और कोलंबिया के भी अवैध प्रवासियों को सैन्य विमान में लादकर भेजा था। परंतु इन देषों की सरकारों ने विमान को अपने देशों की सीमा के भीतर उतरने की मंजूरी नहीं दी थी। बाद में इन्हें सीमा पर उतारने की सहमति बन गई थी। अमेरिका में वैध एवं अवैध तरीकों से बसने की इच्छा रखने वालों में भारत के बाद दूसरे पायदान पर चीनी नागरिक हैं। इसके बाद अल-साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, फिलीपींस, मैक्सिको और वियतनाम के प्रवासी हैं। दरअसल अमेरिका अवसरों और उपलब्धियों से भरा देश माना जाता है। इसलिए लोग बेहतर और सुविधाजनक जीवन जीने की दृष्टि से अमेरिका में स्थाई तौर से बसने की लालसा रखते हैं। किंतु अब लगता है अमेरिका में विदेशी प्रवासियों के रास्ते बंद हो रहे हैं। क्योंकि अमेरिका ने जन्मजात नागरिकता पर भी रोक लगाने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

ट्रंप द्वारा जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश के पहले तक अमेरिका में किसी भी देष के प्रवासी दंपत्ति के जन्मे शिशु को जन्मजात नागरिकता स्वत: मिल जाती थी। यह प्रावधान तब भी था, जब उनकी माता अवैध रूप से देश में रह रही हो और पिता भी वैध स्थायी निवासी न हो। ट्रंप द्वारा जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध के बाद सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं को हो रही है, जो अमेरिका में शरणार्थी या अवैध प्रवासी के रूप में रह रही हैं। वे सवाल उठा रही हैं कि उनकी कोख में पल रहे मासूम शिशु का क्या दोष है? ट्रंप के प्रतिबंधित आदेश के अनुसार वही जन्मजात बच्चे अमेरिकी नागरिकता के पात्र होंगे जिनके माता या पिता अमेरिकी नागरिक हैं। कुछ राज्यों में अदालत के आदेश के चलते जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध जरूर लग गया है, लेकिन ट्रंप ने इस आदेश के विरुद्ध ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। ट्रंप ने कड़ा रुख व्यक्त करते हुए कहा है, 'हम पीछे नहीं हटेंगे।' अमेरिकी न्याय विभाग दावा कर रहा है कि जन्मजात नागरिकता खत्म करना अमेरिकी हितों के अनुरूप है। इससे लगता है, देर-सबेर जन्मजात नागरिकता खत्म करने का कानून संपूर्ण अमेरिका में लागू हो जाएगा। वैसे भी अमेरिका में भारतीयों तथा अन्य वैध-अवैध प्रवासियों के विरुद्ध धुर दक्षिण पंथियों का आंदोलन 'अमेरिका प्रथम' एक अभियान के रूप में सक्रिय है। यही नहीं यह आंदोलन उग्र रूप में बदलकर 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अर्थात 'अमेरिका को फिर से महान बनाएं' जाने की मानसिकता के चलते नस्लीय तनाव के रूप में भी देखने में आ रहा है।

अवैध प्रवासियों के संदर्भ में अमेरिका को अपने गिरेवान में भी झांकने की जरूरत है। क्योंकि चिड़िया भी पंख नहीं मार सकती, का दावा करने वाला देश अवैध तरीके से आने वाले प्रवासियों पर लगाम लगाने में अब तक नाकाम रहा है। इसीलिए अमेरिका को मूलत: अप्रवासियों का देश माना जाता है। भारत के साथ अन्य देशों के लोग भी फर्जी दस्तावेजों और गैर-कानूनी तरीकों के आधार पर अमेरिकी सीमाओं के पार चले जाते हैं ? आखिर डंकी रूट के जरिए अमेरिका में ही क्यों सबसे ज्यादा लोग प्रवेश करने में सफलता पा लेते हैं? इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका में कुशल एवं अकुशल कामगारों की हमेशा जरूरत रहती है। इसलिए कंपनियां अवैध तरीकों के जरिए विदेशियों को लाकर उसी तरह बसाती हैं, जिस तरह भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को बसाने का प्रबंध किया जाता है। अमेरिका सरकार का दावा है कि बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय चोरी-छिपे अमेरिका में घुसने के प्रयास में पकड़े गए हैं। इनमें से कुछ वापस हो गए तो कुछ हिरासत में रहकर रिहाई के प्रयास में हैं। जबकि डंकी रुट का पर्याय बनी घुसपैठ की कोशिशें अत्यंत जोखिमभरी होने के साथ जानलेवा भी हैं। अनेक भारतीय युवा नौकरी व कारोबार करने की ललक में अपनी पैतृक जमीन बेचकर डंकी रुट से अमेरिका जाने का जोखिम उठाकर बर्बाद हो रहे हैं। दरअसल अमेरिका में चालक (ड्राइवर) जैसी छोटी नौकरी में भी करीब साढ़े तीन लाख रुपए का वेतन प्रतिमाह मिलता है। इसीलिए हरियाणा और पंजाब के सैंकड़ों युवा डंकी रुट के मोहजाल में आकर स्वंय के साथ समूचे परिवार की आर्थिक बद्हाली की कहानी लिख चुके हैं। अतएव युवाओं को ही नहीं उन अभिभावकों को अमेरिकी दीवानगी से बचने की जरूरत है, जो अपनी संतान का उज्जवल भविष्य अमेरिकी चकाचैंध में देख रहे हैं।

## प्रवासियों का देश अमेरिका

अमेरिका की कुल जनसंख्या करीब 33 करोड़ है। इस आबादी की तुलना में उसका भू-क्षेत्र बहुत बड़ा, यानी 98,33,520 वर्ग किमी है। इतने बड़े भू-लोक के मालिक अमेरिका के साथ विडंबना है कि 15वीं षताब्दी तक अमेरिका की कोई स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान नहीं थी। दुनिया केवल एशिया, यूरोप और अफ्रीका महाद्वीपों से ही परिचित थी। 1492 में नई दुनिया की खोज में निकले क्रिस्टोफर कोलंबस ने अमेरिका की खोज की। हालांकि कोलंबस अमेरिका की बजाय भारत की खोज में निकला था। लेकिन रास्ता भटक कर वह अमेरिका पहुंच गया। वहां के लोगों को उसने 'रेड इंडियन' कहकर पुकारा। क्योंकि ये तांबई रंग के थे और प्राचीन भारतीयों से इनकी नस्ल मेल खाती थी। हालांकि इस क्षेत्र में आने के बाद कोलंबस जान गया था कि वह भारत की बजाय कहीं और पहुंच गया है। बावजूद उसका इस दुर्लभ क्षेत्र में आगमन इतिहास व भूगोल के लिए एक क्रांतिकारी पहल थी। कालांतर में यहां अनेक औपनिवेशिक शक्तियों ने अतिक्रमण किया। 17वीं शताब्दी में ऑस्ट्रेलिया और अन्य प्रशांत महासागरीय द्वीप समूहों की खोज कप्तान जेम्स कुक ने की। जेम्स ने यहां अनेक प्रवासियों की बस्तियों को आबाद किया।

इसी क्रम में 1607 में अंग्रेजों ने वर्जीनिया में अपनी बस्तियाँ बसाईं। इसके बाद फ्रांस, स्पेन और नीदरलैंड ने उपनिवेश बनाए। 1733 तक यहां 13 बस्तियां अस्तित्व में आ गईं। इन सब पर ब्रिटेन का प्रभुत्व कायम हो गया। 1775 में ब्रिटेन के विरुद्ध युद्ध छिड़ गया। 4 जुलाई 1776 में जॉर्ज वाशिगटंन के नेतृत्व में अमेरिकी जनता ने विजय प्राप्त कर ली और संयुक्त राज्य अमेरिका का गठन कर स्वतंत्र और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में वह अस्तित्व में आ गया। इसीलिए कहा जाता है कि अमेरिका के इतिहास व अस्तित्व में दुनिया के प्रवासियों का बड़ा योगदान रहा है। साथ ही यहां एक बड़ा प्रश्न खड़ा हुआ कि अमेरिका महाद्वीप के जो रेड इंडियन नस्ल के मूल निवासी थे, वे हाशिये पर चले गए। गोया, मूल अमेरिकी तो वंचित रह गए, अलबत्ता विदेशी-प्रवासी प्रतिभावान किंतु चालाक अमेरिका के मालिक बन बैठे। इस विरोधाभास का मूल्यांकन करके ही ट्रंप चिंतित हैं कि आईटी टेक्नोक्रेट के बहाने जो आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिकी संस्थाओं व कंपनियों पर प्रभावी होते जा रहे हैं, वे मूल-अमेरिकियों के लिए अमेरिकी संस्थाओं में बेदखली और बेरोजगारी का कारण भी बन रहे हैं। इसी लिहाज में ट्रंप अमेरिका-फर्स्ट की नीति को महत्व दे रहे हैं।

इस दृष्टिकोण से यदि वर्तमान संयुक्त राज्य अमेरिका का नृजातीय रूप में मूल्यांकन करें तो पता चलता है कि यहां मूल अमेरिकियों, मसलन रेड इंडियनों की आबादी महज 2.7 प्रतिशत ही रह गई है, शेष 97.7 फीसदी भूमि पर यूरोप, अफ्रीका और एशिया से आ बसे लोगों का कब्जा है। इसमें रेड इंडियन के साथ नवाजो और चरूकी जनजातीय लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। इनमें अधिकांश लोग अब अपनी संस्कृति से कट गए हैं। ज्यादातर ने आधुनिक अमेरिकी संस्कृति को अपना लिया है। लेकिन नस्लीय भेदभाव के चलते अमेरीकी समाज इन्हें दोयम दृष्टि से देखता है। इस कारण ये आधुनिक सुविधाओं से लगभग वंचित व उपेक्षित हैं। अभावग्रस्त यही लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वालों के लिए अमेरिका में अलग मंत्रालय खोलकर इनके कल्याण के लिए पहल की जा रही है। अमेरिका में कुल आबादी में से 13.66 फीसदी लोग गरीबी-रेखा के नीचे रहने को विवश हैं। इन्हीं लोगों में सर्वाधिक बेरोजगारी है। राष्ट्रपति ट्रंप शायद ऐसे ही लोगों की बेरोजगारी दूर करने के लिए जन्मजात नागरिकता और वीजा संबंधी नियमों को कठोर बना रहे हैं, जिससे गैर-अमेरिकियों के लिए रोजगार के रास्ते बंद हो जाएं और स्थानीय लोगों के लिए खुल जाएं। लेकिन आज अमेरिका जिस विकास और समृद्धि को प्राप्त कर पूंजीपति व शक्ति-संपन्न राष्ट्र बना दुनिया पर अपना प्रभुत्व जमाए बैठा है, उसकी पृष्ठभूमि में दुनिया के प्रवासियों का ही प्रमुख योगदान है। लिहाजा ट्रंप के प्रवासी भारतीयों समेत अन्य प्रवासियों को अमेरिका में ही बसाए रखने के नीति और उपाय बदस्तूर रखने चाहिए।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट

विनीत नारायण

शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था। शर्बत और लस्सी के देश भारत के अधिकांश लोग पश्चिमी बयार में बहकर खुद को मॉडर्न' साबित करने के लिए दूषित' शीतल पेयों का जमकर उपयोग कर रहे हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इन शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। कुछ समय पहले राष्ट्रीय कंपनियाँ जिन शीतल पेयों को आम भारतीयों के गले के नीचे उतार रही हैं, वह सेहत के लिए ठिक है या नहीं यह तो विस्तृत जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा। गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) के अनुसार यह विदेशी कंपनियां भारत के साथ भेदभाव बरत रही हैं। अमेरिका और अन्य दूसरों देशों में इनके उत्पादों की गुणवत्ता का बारीकी से ध्यान रखा जाता है, जबकि भारत में यह पैसे बचाने के लिए कीटनाशकों का घोल जनता को पिलाते हैं। पर, पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था। उस समय सीएसई ने देसी-विदेशी विख्यात कंपनियों के बोतल बंद पानी के दिल्ली में 17 और मुंबई में क्लोरोपाइरोफोस, मेलाथियान जैसे कीटनाशक पाए जाने की पुष्टि की थी। इसके बाद सरकार को होश आया और उसने भारतीय मानक ब्यूरो की सिफारिश के आधार पर बोतल बंद पानी की शुद्धता बरकरार रखने के लिए खाद्य अपमिश्रण कानून में कुछ फेरबदल कर इन्हें लागू करवा दिया।

हालांकि भारत के अधिकांश लोग नगर पालिका या नगर निगम द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला जल अथवा नदियों के पानी को ही पीते हैं। नगर पालिकाएं या नगर निगम इस पानी को स्वच्छ करने के लिए क्या कदम उठाती है, यह किसी से छिपा नही है। बाहरी जल की तो छोड़िए, पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के कारण भूगर्भीय जल भी अब स्वच्छ नहीं रहा है। कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोगों से अनाज, सब्जी और फल तक दूषित हो गए हैं। यदि इनकी बिना सफाई किए हुए यूं ही खा लिया जाए, तो यह सेहत बनाने के बजाए उसका बेड़ागर्क कर देंगे। ज्यादा पैदावार के चक्कर में किसान रासायनिक खादों का बेतरतीबी से इस्तेमाल कर रहे है। इसके दुष्परिणाम भी उनके सामने आने लगे हैं। भूमि बंजर हो रही है। उपज की गुणवत्ता में कमी आई है। जमीन से उपयोगी तत्व नष्ट हो रहे हैं, आदि-आदि।

कभी जहां इस देश में दूध-दही की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है। यहां तक कि दूध भी इससे अछूता नहीं रह गया है। थोड़े से लाभ के लिए लोग सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह पदार्थों से नकली दूध तैयार कर लोगों को पिला रहे हैं। यूरिया, साबुन, और तेल जैसी खतरनाक चीजों को मिलाकर बनने वाले इस दूध में दूध नाम की कोई चीज ही नहीं होती। लोग अज्ञानतावश मानव सभ्यता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इन्हें नहीं पता कि इस दूध को पीकर हमारे नौनिहाल, जो देश का भविष्य हैं, कितनी बीमारियों के चंगुल में फंस जाएंगे।

डॉ वर्गीज कुरियन ने भी भारत में ऑपरेशन फ्लड' शुरू करते समय यह नहीं सोचा होगा कि आम लोगों को दूध मुहैया कराने के लिए वह जिन डेयरियों को खुलवाने की बात कह रहे हैं, उनमें बरती जाने वाली लापरवाही गाय और भैंसों के लिए तो जानलेवा साबित होंगी ही, साथ ही वहां से मिलने वाला दूध भी आम आदमी के लिए मुफीद नहीं रहेगा। भारत में डेयरियों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। ज्यादा दूध लेने के चक्कर में गायों को हर साल गर्भवती करवा दिया जाता है, क्योंकि बच्चा होने के बाद दस माह तक वह ज्यादा दूध देती हैं। हर रोज उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं ताकि वे ज्यादा दूध दे सकें। परंतु यह इंजेक्शन उनके लिए कितने हानिकारक हैं, यह दूध दुहने वाले और डेयरी मालिक शायद नहीं जानते। अगर उन्हें पता है तो वह और भी गंभीर अपराध कर रहे हैं, क्योंकि जानबूझकर किसी को मौत के मुंह में धकेलना, भारतीय ही नहीं विदेशी कानून में भी अपराध की श्रेणी में आता है। यह सभी तरीके इन बेजुबान जानवरों के लिए तो खतरनाक है ही, साथ ही इनका दूध पीने वालों के लिए भी कम नुकसानदेह नहीं हैं।

इंडियन काउन्सिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा सात साल के शोध के बाद निकाले नतीजों में पाया कि जिस गाय के दूध को सदियों से हम पूर्ण आहार मानकर पीते चले आ रहे हैं, वह भी क्लोहैक्सेन (एचसीएच), डेल्ड्रिन, एल्ड्रिन जैसे खतरनाक कीटनाशक भारी मात्रा में मौजूद हैं। रिपोर्ट कहती है कि किसी व्यक्ति को डेयरी का दूध और उसके उत्पाद खाने-पीने को दिए जाएं तो उसे दिल का दौरा पडऩे की संभावना दो से छह गुना तक बढ़ जाती है। भारतीय खाद्य अपमिश्रण कानून एक किलो में केवल 0.01 मिलीग्राम एचसीएच की अनुमति देता है, जबकि आईसीएमआर की रिपोर्ट में यह 5.7 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम निकला। इसके अलावा वैज्ञानिकों को दूध में आर्सेनिक, कैडमियम और सीसा जैसे खतरनाक अपशिष्ट भी मिले। यह इतने खतरनाक हैं कि इनसे किडनी, दिल और दिमाग तक क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।

बात सिर्फ गाय और भैंस के दूध तक ही सीमित नहीं है। खेती के दौरान भारी मात्रा में कीटनाशकों के प्रयोग से बच्चे के लिए अमृत कहा जाने वाला मां का दूध भी शुद्ध नहीं रह गया है। अमेरिका में हुए एक शोध में अमेरिकी औरत के दूध में कीटनाशकों के साथ-साथ सौ से भी ज्यादा औद्योगिक रसायन पाए गए। इस शोध में तो यहां तक कहा गया कि यदि इस दूध को बोतल में बंद करके बाजार में बेचने की कोशिश की जाए तो, अमेरिकी सरकार इसकी इजाजत नहीं देगी। पर, अनेक नुकसानदेह रसायनों के बावजूद मां का दूध बच्चे के पोषण के लिए बहुत जरूरी है। यह नवजात शिशु को अनेक बीमारियों से लडऩे की ताकत प्रदान करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष करीब दो लाख लोग कीटनाशकों को खाकर काल के गाल में समा जाते हैं। यह संख्या पिछले दस-12 सालों में लगभग सात गुनी हो गई है।

संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर साल करीब 30 लाख लोग इन जहरों की चपेट में आते हैं और खास बात है कि इनमें से ज्यादातर बच्चे होते हैं। कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से पैदा हुई इन स्थितियों को देखते हुए अनेक देशों ने तो इनका प्रयोग लगभग बंद ही कर दिया है और वे प्राकृतिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग करने लगे हैं। पर, भारत अभी पश्चिम की कदमताल कर रहा है। जिस तकनीक को वे उपयोग कर उसके बुरे प्रभावों को देखकर त्याग चुके हैं, भारतीय उनका अंधानुकरण कर रहे हैं। वे हमारी पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गुणों से परिचित होकर उनका अध्ययन कर गूढ़ रहस्य को समझकर अपने जीवन में उतारने की कोशिश में लगे हैं, वहीं भारतवासी अपनी समृद्ध संपदा को छोड़कर पश्चिमी चकाचैंध के पीछे दीवाने हुए जा रहे हैं। तकनीक को अपनाना, चाहे वह अपने देश की हो या विदेश की, गलत नहीं है, पर उसके अच्छे और बुरे प्रभावों को जाने बिना उसका अंधानुकरण करना सही नहीं कहा जा सकता।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ

ओमप्रकाश मेहता

**भारतीय राजनीति में संभवत: पहली बार मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने अपने उद्धेश्य की पूर्ति हेतु मानव मनोविज्ञान का सहारा लिया है, मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसके चुनावी घोषणा-पत्र में प्रदेश में पूर्णत- शराबबंदी का उल्लेख था, अब वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के डेढ़ दर्जन धार्मिक नगरों में एक अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की है, यद्यपि इस कदम से सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचेगी, किंतु सत्तारूढ़ दल को इससे राजनीतिक लाभ अवश्य पहुंचेगा। सरकार के इस फैसले को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की दिशा में ठोंस कदम माना जा रहा है।**

एक अप्रैल से जिन नगरों में शराबबंदी होगी वे धार्मिक शहर उज्जैन, मण्डला, मुलताई, मंदसौर, मैहर, दतिया, अमरकंटक, औंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, औरछा, चित्रकुट, सलकनपुर, कुण्डलपुर, बरमानकला, लिंगा बरमान खुर्द और बांदकपुर है, इन नगरों में शराबबंदी से राज्य सरकार को करीब पांच सौ करोड़ की राजस्व आय कम हो जाएगी। अब तक नर्मदा तट के बीस जिलों में पांच किलोमीटर' क्षेत्र में शराबबंदी लागू थी और उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में मुख्य धार्मिक स्थानों से 100-200 मीटर दायरें में पाबंदी थी।

सरकार के इस कदम को प्रदेश में पूर्ण नशाबंदी की राह का पहला कदम बताया जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे नीतिगत फैसला बताया, प्रदेश के इन उन्नीस नगरों में एक भी शराब की दुकान नही रहेगी, सभी मौजूदा दूकानें हमेशा के लिए बंद हो जाएगी भाजपा का दावा है कि कांग्रेस की सरकारें ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नही कर पाई, क्योंकि इसमें सरकार के आर्थिक स्त्रोत में कमी आने वाली है, यदि पूरे राज्य में पूर्णत: शराबबंदी की जाती है तो सरकार को करीब तीन हजार करोड़ की आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी, इस हानि के बारे में सरकार का कथन है कि इस हानि की क्षतिपूर्ति अन्य श्रोतों से पूरी कर ली जाएगी। लेकिन यह मध्यप्रदेश का पहला अन्य राज्यों के लिए सार्थक अनुकरणीय कदम होगा। इस कदम की घोषणा करते हुए सरकार ने यह भी कहा है कि यह फैसला सिर्फ शराबबंदी की दूकानों के लिए लिया गया है।

प्रदेश के नागरिकों पर शराबबंदी थोपनें के लिए नहीं, वे अपने घरों में बैठकर शराब का सेवन कर सकते है, पर यहां मुख्य सवाल यह है कि प्रदेश में शराब की बिक्री पूर्णत- प्रतिबंधित हो जाएगी तो इसके शौकिन लोग अपना शौक कहां से पूरा कर पाएगें। मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार का लक्ष्य आगामी एक दशक में पूरे राज्य में पूर्णत: शराबबंदी का है, लेकिन साथ ही इस लक्ष्य को लेकर कई संशय भी व्यक्त किए जा रहे है। इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री का राज्य गुजरात है, जहां पिछले कई वर्षों से पूर्ण शराबबंदी लागू है, किंतु वहां पान की दूकानों तक शराब की बिक्री होना बताया जा रहा है, ऐसी शराबबंदी का क्या अर्थ है। यदि मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करनी है तो फिर सरकार को सी इस मामले में ईमानदारी पूर्ण सख्ती अपनानी होगी, क्योंकि प्रदेश के मानव जीवन की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम में लापरवाही नही होनी चाहिए। किंतु यह एक साहसपूर्ण ठोंस फैसला अवश्य होगा जो सत्तारूढ़ दल के लिए राजनीतिक दृष्टि से फायदेमंद सिद्ध होगा।












प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



## खास खबर

### उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह को निकाय चुनाव के लिए बड़ी जिम्मेदारी, बनाए गये जोन प्रभारी

**भिलाई।** निकाय चुनाव के लिए भिलाई जिला भाजपा ने जोन प्रभारी और सदस्यों का गठन किया है। इस संबंध में आदेश जारी हो गया है। नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह को बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है?। दया सिंह को



अहिवारा नगर पालिका परिषद का जिम्मा दिया गया है?। दया सिंह के अलावा अन्य भाजपा नेताओं को भी जिम्मेदारी दी गयी है। बता दें कि दया सिंह लगातार संगठन के कामों को बखूबी से कर रहे हैं। हर टास्क को पूरा करने में खूब मेहनत करते हैं, पार्टी संगठन को इसका लाभ भी मिल रहा है। इसीलिए उन्हें यह जिम्मा दिया गया है। नगर पालिका परिषद् अहिवारा का निर्वाचन सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने भाजपा जिला प्रभारी संदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन जी की सहमति से सम्पूर्ण पालिका क्षेत्र को तीन जोन में विभक्त करते हुये चुनाव में सहयोग हेतु जोन प्रभारी / सह प्रभारी सहित सदस्यों की टीम गठित की जाती है।

### चौक चौराहा, गार्डन एवं सार्वजनिक स्थानों के साफ-सफाई बेहद महत्वपूर्ण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर शहर की सफाई को लेकर लगातार कमिश्नर सुमित अग्रवाल काफी सख्त नजर आए।उन्होंने स्वच्छता दीदीयों सहित स्वच्छता कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए।इसमें कोताही बर्दाश्त बिल्कुल भी नहीं की जाएगी। इसके लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल रोजना स्वयं सुबह से विभिन्न वार्डों में पहुंचकर साफसफाई व्यवस्था का जायजा भी ले रहे हैं।बुधवार को सुबह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड- गंज पारा क्षेत्र सहित पुलगांव रोड सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया साथ ही साथ सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया।इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शौएब अहमद, राहुल सहित टीम अमला मौजूद रहें। वार्डों में साफ-सफाई को लेकर काफी गंभीरता बरती जा रही है।नगर निगम को स्वच्छता व साफ-सफाई के लिए कई राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड भी मिल चुका है। इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए नगर के कमिश्नर सहित अधिकारी /कर्मचारी काफी एहतियात बरत रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग टीम नगर निगम द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।अधिकारियों को स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। वार्डों की साफ- सफाई के अलावा चौक चौराहा, गार्डन एवं सार्वजनिक स्थानों के साफ-सफाई भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिए कि वह स्वच्छता के लिए कोताही न बरतें।

# शहर का हर कोना संजो रहा भिलाई इस्पात संयंत्र

## टाउनशिप के चौराहों और सड़कों का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र ने शहर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों के तहत, संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न चैकों का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण किया जा रहा है। इस पहल से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि हो रही है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा और आवागमन की सुविधाओं में भी सुधार हो रहा है।



फ्लाइट ऑफस्टील स्कल्पचर: भिलाई जिसे इस्पात नगरी के नाम से भी जाना जाता है, अपनी बेहतरीन स्थापत्य कला और इस्पात निर्माण के लिए हमेशा चर्चा में रहता है। हाल ही में, भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य द्वार के पास स्थापित की गई 'फ्लाइट ऑफ स्टील स्कल्पचर' का पुनर्निर्माण कार्य पूरी गति से चल रहा है। इसे जयंती स्टेडियम के समीप स्थापित किया जा रहा है।

इस स्थान का चयन इस कारण किया गया है क्योंकि यह भिलाई के हृदय स्थल के रूप में पहचान रखता है। जतिन दास, जो कि पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित हैं, ने इस कलाकृति के निर्माण किया हैद्य उनका उद्देश्य था कि यह कृति भिलाई के इस्पात उद्योग की प्रगति और विकास को दर्शाए। इस मूर्तिकला के चारों ओर लगभग 60 मीटर वर्गाकार क्षेत्र में चेनलिंक फेन्सिंग की जा रही है, जिससे यह स्थान और भी आकर्षक बनेगा। 'फ्लाइट ऑफ स्टील' कलाकृति का पुनर्निर्माण और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य भिलाई को एक नई पहचान देने के साथ-साथ देशवासियों को इस्पात निर्माण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा भी देगा।

आवारा मवेशियों की समस्या और नगर सेवाएँ विभाग का प्रयास: आवारा मवेशियों पर नियंत्रण और यातायात को सुगम बनाने का भी प्रयास किया गया। खासकर बारिश के मौसम में आवारा मवेशियों का सड़क पर आना और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाना, एक गंभीर चिंता का विषय बन गया था। इन परियोजनाओं से भिलाई इस्पात संयंत्र की टाउनशिप न केवल सुंदर, बल्कि सुरक्षित और व्यवस्थित भी होगी। भिलाई इस्पात संयंत्र शहर के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आने वाले समय में इसके परिणामस्वरूप भिलाई एक मॉडल शहर बनकर उभरेगा।

### सड़क सुरक्षा और उन्नयन कार्यः

हाल ही में कई घटनाओं ने कई परिवारों को प्रभावित किया, जिनमें से कुछ ने अपनों को खोया, तो कुछ अनाथ हो गए। इन घटनाओं के लिए राज्य शासन और भिलाई इस्पात संयंत्र सड़क सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, जैसे टूटे हुए डिवाइडरों की मरम्मत, मुख्य सड़कों की रिकारपेटिंग, ट्रैफिक सिग्नल और उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाने का काम। भिलाई इस्पात संयंत्र ने सड़क सुरक्षा के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रदान की है। इस दिशा में चैतरफा प्रयास किए जा रहे हैं कि इस्पात नगरी में प्राणघातक दुर्घटना न हो। नगर सेवाएं विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत, बेहतर ट्रैफिक नियंत्रण और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नवीनतम तकनीकियों का उपयोग किया जा रहा है। बस स्टॉप का रंग-रोगन, सड़कों में रिकारपेटिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस कदम से न केवल भिलाई बल्कि पूरे दुर्ग जिले में सड़क सुरक्षा के स्तर में सुधार होगा।

### चौकों का नवीनीकरण

वर्तमान में, सेक्टर-4, 5, 8, 9 और 10 तथा जेपी सीमेंट चैक, पंथी चैक का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस नवीनीकरण के तहत, चैक की परिधि और इसके चारों ओर लगे लोहे के रॉड को हटाया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो गई है। पंडित रविशंकर शुक्ल चैक, सेक्टर 09, सेक्टर 08 चैक, और जे पी चैक जैसे प्रमुख स्थानों का नवीनीकरण कार्य भी समाप्त हो रहा है। सेक्टर-7 रेल चैक, जो अब तक शहर का एक महत्वपूर्ण केंद्र था, उसका नवीनीकरण कार्य भी चल रहा है। यह कार्य पूर्ण होने पर, न केवल शहर की सुंदरता में चार चाँद लगाएगा, बल्कि यातायात की व्यवस्था को भी अधिक सुव्यवस्थित करेगा। नगर सेवाएं विभाग द्वारा भिलाई इस्पात नगरी के अन्य चैकों और सड़कों के जीर्णोद्धार की परियोजना पर भी काम जारी है।

### स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान

नगर सेवाएँ विभाग द्वारा टाउनशिप में एक और महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया, जिसका नाम है 'स्वच्छता ही सेवा-2024'। इस अभियान के तहत, टाउनशिप को साफ-सुथरा रखने के लिए कई कार्यों को प्राथमिकता दी गई। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना, कचरे का निस्तारण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कई उपाय किए गए। स्वच्छता अभियान ने न केवल टाउनशिप की सुंदरता को बढ़ाया, बल्कि लोगों को जागरूक भी किया कि साफ-सफाई के प्रति जिम्मेदार नागरिकता निभाना कितनी जरूरी है। नगर सेवाएँ विभाग का उद्देश्य है कि टाउनशिप और संयंत्र के निवासी स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रह सकें। सभी प्रमुख सड़कों और बाजारों की नियमित रूप से साफ-सफाई की जाती है और डोर-टू-डोर कचरा (गारबेज) का संग्रहण किया जाता है।

### इस्पात क्लबों का नवीनीकरण

भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्पात उत्पादन के साथ साथ अपने कर्मचारियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखता है। इस्पात नगरी के सौंदर्यीकरण के लिए इन दिनों कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इन परियोजनाओं के तहत,सड़कों की मरम्मत एवं चैकों के जीर्णोद्धार सहित पुराने इस्पात क्लबों के रेनोवेशन का कार्य भी किया जा रहा है। इस्पात क्लबों के रेनोवेशन के कार्य की शुरुआत इस्पात क्लब सेक्टर 7 के नवीनीकरण के साथ किया गया।

## सीमांकन के बाद देवदास बंजारे (नकटा) तालाब पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शासन के आदेश अनुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्र के शासकीय तालाबों का सीमांकन किया जा रहा है। जिससे उसकी चौहद्दी ज्ञात हो सके और वहां पर बोर्ड लगाकर सूचना बोर्ड लगाकर लिखा जाएगा तालाब का क्षेत्रफल कितना है और कहां से कहां तक है। जिससे वहां पर कोई अवैध कब्जा न कर सके। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रं 02 वैशालीनगर स्थित देवदास बंजारे (नकटा) तालाब सीमांकन के बाद ज्ञात हुआ कि पांच लोगों द्वारा अवैध रूप से घर निर्माण किया गया था।



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी के निर्देश पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को आदेश दिये। आदेश के परिपालन में जोन 2 का राजस्व अमला मौंके का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर 5 स्थानीय निवासियों द्वारा तालाब के पार में अवैध रूप से धर ईट एवं शीट से धर निर्माण किया गया था। उनको पूर्व में हटा लेने के लिए दो बार नोटिस दिया गया था लेकिन उनके द्वारा नहीं हटाया गया। जिसे जिसे आज जे.सी.बी. के माध्यम से ध्वस्त कर मलवे को हटाने की कार्यवाही की गई।

आयुक्त पाण्डेय को शिकायत प्राप्त हुई थी, कि कुछ स्थानीय नागरिको द्वारा देवदास बंजारे (नकटा) तालाब के पार में अवैध रूप से निर्माण किया गया है। जिसका स्थल जांच करने के लिए जोन 2 का राजस्व अमला मौके पर पहुंचे। वहां पाया गया कि तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण कर निवास कर रहे है। जिसके आधार पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कुलेश्वर खुंटे, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पुलिस बल की उपस्थिति में अपने दल के साथ अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया और बिजली सामग्री एवं घर पर रखे सामानो को जप्त किया गया। संबंधित कब्जाधारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म के साथ आवश्यक जानकारी दी गई। जिसमें निर्धारित शुल्क जमा करके अपने नाम से नियमानुसार मकान आवंटन करा सकते हैं आयुक्त ने पूर्व में ही निगम क्षेत्र के सभी तालाबो का सीमांकन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिससे तालाब का क्षेत्रफल कितना बड़ा कहां से कहां तक उसकी लम्बाई चैड़ाई है, उसका पता लगाया जा सके। साथ ही तालाब के किनारे उसकी क्षेत्रफल लिखकर नेम बोर्ड लगाया जा सके। जिससे होने वाले अवैध अतिक्रमण को रोका जा सके। अभियान के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जामुल थाना प्रभारी मेहफूज खान, जे.ई. विद्युत मण्डल से ललित पटेल एवं मदर मोहन तिवारी, हरि ताम्रकार, गुप्तानंद तिवारी, कार्तिक राम, समीर, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी, खेमलाल यादव, लोकेश बया, गौकरण कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

## रिसाली के 31 वार्डों में 150 कर्मचारी कचरा संग्रहण कार्य पर नजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** रिसाली निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने आयुक्त मोनिका वर्मा समेत अधिकारी-कर्मचारी मैदान में है। 31 वार्डो में 150 से ज्यादा कर्मचारी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य पर नजर रखे हुए है। इसका मुख्य उद्देश्य घरों से निकलने वाले कचरे का पूर्ण रूप से निष्पादन करना है।



निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मॉर्निंग विजिट के तहत एक के बाद एक वार्ड का भ्रमण कर रही है। इस दौरान न केवल नागरिकों को सहयोग करने की अपील कर रही है, बल्कि अपने मातहत कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों से वार्ड वार गीला सूखा कचरा अलग-अलग होने या फिर नहीं होने का फिड बैक भी ले रही है। आयुक्त बुधवार को मैत्रीनगर, शक्ति विहार, इस्पात नगर, आशीष नगर एवं आजाद मार्केट वार्ड के कचरा संग्रहण कार्य की समीक्षा की।

**नदारद कर्मचारियों का कटेगा वेतनः** आयुक्त के निर्देश पर 67 कर्मचारी अलग-अलग वार्डो में घर-घर दस्तक दे रहे है। वही कर्मचारियों पर नजर रखने 31 नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के सफाई दरोगा कचरा संग्रहण कार्य करने वाले सफाई मित्र की मॉनिटरिंग कर रहे है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि नदारद कर्मचारियों का वेतन कटौती करे।

**खाली प्लाट के मालिकों को नोटिसः** कॉलोनी में कई आवासीय प्लाट ऐसे है, जो खाली है। खाली जगह होने की वजह से आस पास के रहवासी कचरा फेक रहे है। ऐसे जगहों को निगम अब फोकस कर रहा है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि भूमि स्वामी का पता लगाकर उन्हें नोटिस जारी करे। गंदगी फैलाने पर जिम्मेदार मानते हुए उनसे जुर्माना वसूल करे।

**किराएदार ने की गड़बड़ी तो मकान मालिक दोषीः** पॉश कालोनी में कई लोग ऐसे है जो पेईंग गेस्ट रखे है। पढ़ने वाले अधिकांश लोग किराए के मकान में रह रहे है। किराएदार बचत खाना को पॉलीथिन में पैक कर कचरा संग्रहण करने वालों को दे रहे है। आयुक्त ने कहा कि एक बार समझाईश देने के बाद दोबारा गलती करने पर मकान मालिक से जुर्माना वसूले।

## बसंत ऋतु के अवसर पर नगर निगम भिलाई में पौधा रोपण किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के राशि उद्यान में बसंत ऋतु गुप्त नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर पौधादरोपण किया गया। पौधा रोपण का उददेश्य है कि प्रकृति को हरा-भरा एवं सुन्दर बनाना। लोगों को प्रकृति के साथ जोड़ना।



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा स्थानीय नागरिको की उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया।

आयुक्त पाण्डेय ने कहा आज के दिन वृक्षारोपण का विशेष महत्व है। प्रकृति से हमे सब कुछ मिलता है, हमे बस इतना ध्यान देना है, जो पौधा लगा रहे है, उसको बराबर पानी मिले। इससे बहुत संतुष्टि मिलती है, नगर निगम भिलाई द्वारा लगाए हुए वृक्षों को सहेजने, पानी देने, साफ-सुथरा करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी नागरिको से अपील की जाती है, कि जो भी वृक्ष उनके धर के सामने लगे है। उसका स्वयं देख-देख करें, पानी देवें। चाहे वो स्वयं करे और अपने नाम की पटटीका भी लगवा सकते है। हर परिवार पांच पेड़ की जिम्मेदारी अगर ले लेगा, तो नगर हरा-भरा एवं सुन्दर हो जाएगा। जो भी नागरिक पेड़ लगाना चाहते है, नगर निगम के उद्यान विभाग में आकर अपने नाम से अपने जन्मदिन के अवसर पर, शादी सालगिरह के अवसर पर, अपने बच्चो के जन्म दिन पर वृक्षारोपण कर सकते है। निगम उन्हे जगह उपलब्ध करा देगा, जिससे उनका उस पेड़ के प्रति अपनापन बना रहें। मनुष्य खुशहाल तभी रह सकता है, जब प्रकृति के साथ जुड़कर उससे प्रेम करेगा।

वृक्षारोपण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, अभियंता बसंत साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, भारत विकास परिषद के सचिव जितेन्द्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तुलसी भमभवानी आदि उपस्थित रहे।

## निकाय चुनाव के लिए सभी वार्डों की ईवीएम कमीशनिंग कल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई की ईवीएम कमीशनिंग भारती विश्वविद्यालय पुलगांव में 7 फरवरी 2025 से प्रारंभ होगी। इसी प्रकार नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा तथा नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अहिवारा, अमलेश्वर, नगर पंचायत धमधा, पाटन, उतई की ईवीएम कमीशनिंग महिला आईटीआई पुलगांव 7 फरवरी 2025 से ही प्रारंभ होगी।

भारती विश्वविद्यालय पुलगांव में नगर निगम दुर्ग/रिसाली/भिलाई के लिए 32 टेबल लगाए गये है। राउंडवार पृथक-पृथक निकायों की कमीशनिंग होंगी। दुर्ग के 01 से 30 वार्ड एवं भिलाई/रिसाली के 01-01 वार्ड की क्रमशः ई.व्ही.एम. कमीशनिंग होंगी। उसके तुरंत बाद समयानुसार वार्डवार मशीनों को फिर उसी 30 टेबल में वार्ड निगम दुर्ग के शेष बचे 31 से 60 वार्ड की कमीशनिंग की जाएगी। महिला आईटीआई पुलगांव दुर्ग ई.व्ही.एम. कमीशनिंग न.पा.नि. भिलाई-चरोदा, नगर पालिका परिषद- कुम्हारी/अहिवारा/अमलेश्वर, नगर पंचायत-धमधा/पाटन/उतई को मिलाकर कमीशनिंग के लिए कुल 102 वार्ड है। प्रथम राऊंड में नगर पालिका परिषदों के वार्ड की कमीशनिंग होगी। ई.व्ही.एम. कमीशनिंग के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर निकायवार परिवहन की कार्यवाही करेंगे। फिर दूसरे राऊंड में फिर नगर पंचायतो के 45 वार्ड की कमीशनिंग होगी।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372


## खास खबर...



### वर्ल्ड कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर।** वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर गुरुकुल महिला महाविद्यालय में मुद्रिका हेल्थकेयर द्वारा सर्वाइकल ऑफ ब्रेस्ट कैंसर पर छात्राओं को जागरुक किया गया। इस अवसर पर डॉ. दीपिका बैले, सीनियर कंसल्टेंट आशीर्वाद हॉस्पिटल के द्वारा व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को इस रोग के लक्षण और रोकथाम की जानकारी दी, इसके साथ ही छात्राओं ने डॉक्टर से इस रोग से संबंधित सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में डॉ. आकांक्षा यादव, मुद्रिका हेल्थ केयर की फाउंडर और रोहित श्रीवास्तव, प्रिंसिपल कंसलटेंट के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रात्रि लहरी ने किया।

### रायपुर आर्ट लिटरेचर और फिल्म फेस्टिवल 8 को, पद्मश्री पंडी राम मंडावी होंगे मुख्य अतिथि



**रायपुर।** रायपुर आर्ट लिटरेचर और फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 8 फरवरी 2025 को रायपुर में किया जाएगा जिसमें पद्मश्री पंडी राम मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पंडी राम मंडावी को कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए 2025 में पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।वे छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की गोंड मुरिया जनजाति के प्रख्यात कलाकार हैं। उनकी ख्याति पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण और लकड़ी की शिल्पकला के क्षेत्र में है। विशेष रूप से बांस से बनी बस्तर बांसुरी, जिसे 'सुलुर' कहा जाता है, के निर्माण में उनकी अद्वितीय पहचान है।

फेस्टिवल क्यूरेटर प्रीति उपाध्याय ने बताया कि फेस्टिवल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना है। ऐसे में पंडी राम मंडावी जैसे विभूति का मुख्य अतिथि के रूप में आना फेस्टिवल की गरिमा को और बढ़ा देगा। उनका जीवन और योगदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पंडी राम मंडावी ने बचपन से ही अपने पूर्वजों से यह कला सीखी और इसे न केवल संरक्षित किया बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी कला में लकड़ी के पैनलों पर उभरे हुए चित्र, मूर्तियां और अन्य शिल्प कृतियां शामिल हैं, जिन्हें उन्होंने वैश्विक पहचान दिलाई है। फेस्टिवल के दौरान शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता, साहित्यिक चर्चाएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# हमने यातायात सुधार की शुरुआत करते हुए सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर में हेलमेट-सीट बेल्ट किया अनिवार्य-कलेक्टर गौरव सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली एवं पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार यातायात पुलिस रायपुर द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूल, कालेज, शैक्षणिक संस्थानों, राष्ट्रीय राजमार्गो के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में जाकर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों को नियमों का पालन कर वाहन चलाने हेतु जागरूकत किया गया। सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए जागरूकता मुहिम में सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाने वाले एनजीओ, निजी संस्थान, स्कूली छात्र-छात्राए, यातायात पुलिस के अधिकारी एवं स्टाफके सम्मान हेतु आज दिनांक को सम्मान समारोह का आयोजन कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर सभागार में दोपहर 12.00 बजे कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह की मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ. प्रशांत शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह एवं सतीश कुमार ठाकुर द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदाय कर किया गया।

स्वागत उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. प्रशांत शुक्ला द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान विगत 1 माह तक यातायात जागरूकता हेतु किये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें सड़क सुरक्षा माह 2025 का शुभारंभ रिंग रोड नम्बर-1 में हेलमेट रैली निकालकर किया गया। इस दौरान कार रैली, सीट बेल्ट जागरूकता रैली, यातायात रथ (ई-रिक्शा) का शहर में भ्रमण कर यातायात नियमों का प्रचार प्रसार कराया, व्यवसायिक वाहन चालकों का प्रशिक्षण, चौक चौराहों में यातायात नियमों से संबंधित बैरन पोस्टर एवं पांपलेट वितरण, नियमों का पालन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण, यात्री वाहनों एवं स्कूली बसों में बैनर एवं स्टीकर लगाया, चौक-चौराहों में आईटीएमएस के पीए. सिस्टम से अनाउंस कर प्रचार प्रसार, शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देना, ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात चौपाल लगाना एवं चौक चौराहों में पोस्टर बैनर के माध्यम से यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए 513 कार्यक्रमों में 5 लाख से भी अधिक लोगों तक अपने बातो को पहुंचाया गया।




इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पहले यातायात सप्ताह का आयोजन किया जाता है अब वह माह में बदल गया है लेकिन सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिसमें लोगों की अकाल मृत्यु दिनोदिन हो रही है इसे देखते हुए लग रहा है कि सड़क सुरक्षा साल मनाना पड़ेगा। दुर्घटना जो समस्या है वह अत्यंत गंभीर है क्योंकि पुरी दुनिया में जनसंख्या में भारत दूसरे स्थान पर है परंतु सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में प्रथम नंबर पर है। विगत वर्ष भारत देश में लगभग 5 लाख दुर्घटनाओं में 163000 लोगों की मृत्यु एवं 446000 लोग घायल हुए। साल 2023 में रायपुर जिले में 507 लोगों की मौत हुई थी तथा साल 2024 में मौतों की संख्या 594 हो गयी जो मरने वालों की संख्या में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो गंभीर चिंतन का विषय है, प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है, जिसे हम सबको बचाना है। सड़क दुर्घटना के 04 प्रमुख कारण है ओव्हर स्पीडिंग, डंकन ड्राइव, सीट बेल्ट एवं हेलमेट। इन चार नियमों का भी थोड़ा सा पालन कर लिया जाय तो हम मानव मृत्यु को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। सड़क पर निकलते है तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हमें अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन किया जाए तभी दुर्घटनाओं में कमीं लाया जा सकता है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा यह घोषणा की गयी कि जो भी छात्र ट्रैफिक वार्डन के रूप में यातायात पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने हेतु साथ में 100 घंटे कार्य करेंगे उन्हे रेड क्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्यता हेतु आवश्यक 1000 रुपये रायपुर उनके (एसएसपी) द्वारा वहन किया जाएगा।

इस दौरान कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह द्वारा अपने उद्बबोधन में कहा कि केवल ट्रैफिक पुलिस को देख कर नियमों का पालन नही करना अपितु स्वयं निर्णय लेकर यह ठान लेना कि अब मै कभी यातायात नियमों का उल्लंघन नही करूंगा और अपने परिवार के लोगों को भी नियमों का पालन कर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करूंगा तभी हम एक सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित कर सकते है। यातायात पुलिस अपने स्तर पर नियमों का पालन कराने का हर संभव प्रयास कर रहा है किन्तु वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों के प्रति गंभीर नही होने के कारण अकारण सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवां रहे है। दूसरे के बदलने से पहले हमे स्वयं बदलना है। हमनें कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले सभी लोगों के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य किया है, आप सभी लोग अपने परिवार में ऐसा ही संकल्प लेकर सुरक्षित रह सकते है और धीरे-धीरे पूरे समाज को सुधार सकते है। हम सबको मिलजुलकर इस दिशा में काम करना होगा। उपस्थित एनजीओ, यातायात पुलिस एवं छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को कहा कि आप लोग जो काम कर रहे है वह लोगों के जान बचाने का कार्य है, इससे बड़ा कोई कार्य नही हो सकता। आपका यह प्रयास साल भर चलता रहे तो निश्चित ही सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या को कम करने में सफल होंगे। कलेक्टर गौरव सिंह द्वारा यातायात के अधिकारियों से कहा कि जो भी छात्र ट्रैफिक वार्डन के रूप में एक माह तक सेवा देगा उन्हें रेडक्रास सोसायटी से जोड़े तथा उन्हें प्रमाण-पत्र दिलवाये, जो की भविष्य में विदेश में पढ़ाई एवं नौकरी करने के लिए उनके काम आयेगा।

ततपश्चात उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, एनजीओ, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया के सभी साथीगणों को अपना बहुमूल्य समय निकालकर कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थित प्रदाय करने के लिए आभार प्रदर्शित कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इनका हुआ सम्मान

इसके पश्चात सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर कर सराहनीय योगदान देने एनजीओ- यंग इडियन, वक्ता मंच, सुरक्षित भवः फाउण्डेशन, नेहरू युवा केन्द्र, लक्ष्य फाउण्डेशन, स्पर्श वेलफेयर सोसायटी, स्टे फिट विथ मी ग्रुप, पुलिस बाल मित्र, कार्यक्रम अधिकारी दुर्गा महाविद्यालय, प्राचार्य रायपुर कान्वेंट स्कूल गुढ़ियारी, एसके फायनेंस, प्रत्युषा फाउण्डेसन, नया सबेरा फाउण्डेसन, गुरूकुल महिला महाविद्यालय, ट्राफिक वार्डन के अतिरिक्त सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात जनजागरूकता कार्य में प्रभावी कार्य करने वालेयातायात प्रशिक्षक सउनि. टीके लाल भोई, सहायक आरक्षक सहदेव वर्मा, निरीक्षक भुनेश्वर कुमार साहू, सउनि. उदल राम साहू, प्रआर. कृपा शंकर सरोज, महिला आरक्षक श्रीमती सारिका देवांगन एवं आरक्षक पंकज साहू को सम्मनित किया गया। सम्मान कार्यक्रम के दौरान माह जनवरी 2025 में घटित सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराकर घायलों की जान बचाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) बबलु कुमार, गोगांव गुढ़ियारी, दिनेश कुमार, आमासिवनी रायपुर, रविकांत वर्मा, तिल्दा नेवरा एवं खिलेन्द्र कुमार गिलहरे, ग्राम कुर्रा गोबरा नवारापा को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ मेला की तैयारियों का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियां नए मेला स्थल पर जोरों पर चल रही हैं। यह भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन 14 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक चलेगा। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राजिम कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज भी कहा जाता है। त्रिवेणी संगम (राजिम) में यह कुंभ माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है, जिसमें संत समागम, आरती और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। देशभर से साधु-संत, श्रद्धालु और पर्यटक इस कुंभ में शामिल होते हैं। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मेला स्थल पर सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच निर्माण, दुकानों, विभागीय स्टॉल, मीना बाजार, फूड जोन, पार्किंग, हेलीपैड, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच, संत समागम स्थल, आरती स्थल एवं कुलेश्वर महादेव मंदिर में आवश्यक प्रबंध के साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन के लिए दाल-भात केंद्र, अस्थायी कुटिया एवं जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिसर सीसीटीवी निगरानी, पुलिस सुरक्षा, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस की तैनाती, नदी किनारे सजावट, लाइटिंग, शौचालय एवं हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था, बस स्टैंड से मेला स्थल तक श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस सेवा के साथ ही वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों को अपने कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव श्री साहू ने नए मेला स्थल पर वीआईपी पार्किंग, आम श्रद्धालुओं के आवागमन, मंच व्यवस्था, मीना बाजार, फूड जोन और हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजीव लोचन मंदिर, संत समागम स्थल और आरती स्थल से नए मेला स्थल निर्माणाधीन सड़क कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

**बेमेतरा।** कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में राईस मिलर्स कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव और कस्टम मिलिंग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान के उठाव की धीमी गति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और राइस मिलर्स को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से टॉप 5 राइस मिलर्स, जिनके कार्य की गति अत्यंत धीमी पाई गई, को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। कस्टम मिलिंग प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर देते हुए, कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की देरी अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी और आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू), रायपुर और आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) ने नवाचार को बढ़ावा देने, उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देने और उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अत्याधुनिक समाधान विकसित करने के उद्देश्य से एक सहयोगी साझेदारी स्थापित करने के लिए आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक लक्ष्य दो प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच आपसी सहयोग को सुविधाजनक बनाना है, ताकि शैक्षणिक, अनुसंधान और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए उनकी संयुक्त शक्तियों का लाभ उठाया जा सके। इस रणनीतिक गठबंधन से दोनों संगठनों के छात्रों, संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है, जिससे ज्ञान साझा करने और तकनीकी विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

साझेदारी में सहयोग के कई प्रमुख क्षेत्रों की रूपरेखा दी गई है, जिसमें संयुक्त अनुसंधान पहल, वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों में अंतः विषय अनुसंधान परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना शामिल है। एमओयू के हस्ताक्षर अधिकारी रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ शर्मा और आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) के सीईओ प्रशांत माथुर थे, जिनकी मौजूदगी में फार्मेसी के प्रिंसिपल प्रोफेसर विजय कुमार सिंह और आईबीआईटीएफ के परियोजना निदेशक संतोष बिस्वास भी उपस्थित थे।

# कोसरिया मरार पटेल समाज ने मनाई मां शाकंभरी जयंती




श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में कोसरिया मरार पटेल समाज ने सोमवार को समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की जयंती मनाई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं, बच्चों एवं पुरूषों ने माता के जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा पटेल समाज भवन से निकली और गांव भ्रमण के साथ सब्जियों का वितरण किया गया।

समाज के प्रमुखों ने इस दौरान माता शाकंभरी की उत्पत्ति की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में मां शाकंभरी देवी को मां दुर्गा का अवतार माना जाता है। पौष माह की पूर्णिमा तिथि को शाकंभरी जयंती मनाई जाती है। मां शाकंभरी देवी को 'शाकाहार की देवी'भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब धरती पर भयंकर अकाल पड़ा था, तो मां शाकंभरी ने अपने भक्तों को सब्जियां और फल प्रदान कर उनके जीवन की रक्षा की थी। इसी वजह से शाकंभरी देवी कहा जाता है।

# धनोरा में हनुमंत कथा व शत् चंडी यज्ञ शुरू



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के विशेष सहयोग से माघी पुननी के पावन पर्व पर हनुमंत कथा 4 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है। बाबा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि सुबह 8 से 12 बजे तक शत् चंडी यज्ञ एवं दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक हनुमंत कथा चल रहा है। शत् चंडी यज्ञ के मुख्य यजमान गुलाब साहू, श्रीमती सुनीता साहू, मनोज पटेल, हितेश पटेल, सुखऊ राम साहू, बुधकुंवर साहू, मारियल साहू, ज्योति साहू, कल्याण देवांगन, अंजू देवांगन, ललित साहू, मंजू साहू, योगेश साहू, देवश्री साहू व हनुमंत कथा के यजमान राजू यादव, ललिता यादव, मनसुखा साहू, लक्ष्मी साहू, रोशन साहू व प्रभा साहू है।

आयोजन के दूसरे दिन पंडित दीपक पाण्डेय ने बताया कि गुण मिले तो गुरु बनाओ और चित मिले तो चेला, मन मिले तो मित्र बनाओ, वर्ना रहो अकेला... श्रीराम जी को सीता जी के बिना देखने पर सती और सुग्रीव दोनों को शंका हो गई। सीता स्वयं भक्ति है और भक्ति के बिना भगवान को देखोगे तो संशय होगा ही, अतः भगवान को भक्ति के साथ देखना चाहिए। पंडित दीपक पाण्डेय ने गुरु और शिष्य के कथा में प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी गुरु स्वरूप है, हनुमान जी की कृपा से ही सुग्रीव को भगवान की प्राप्ति हुई। यह कथा बताती है कि गुरु के बिना भगवान की प्राप्ति नहीं हो सकती गुरु रुप में हनुमान जी ने ही तुलसी दास जी को चित्रकुट में रामजी का दर्शन कराया था। गुरु कमल के समान होते हैं जो संसार में रहते हुए भी संसार से ऊपर होते हैं। जैसे कमल का फूल जल में रहते हुए भी जल से उपर रहते हैं इसलिए हनुमान कथा से गुरु का महत्व भी पता चलता है। साथ ही एक आदर्श सेवक और भक्त का उदाहरण भी दिखाई पड़ता है यह कथा मे डुबकी लगा रहे हैं।

कार्यक्रम में विनोद साहू, झब्बू साहू, सुखी राम, दिनेश साहू, बाबू लाल, ठेकेदार मुनना गंधर्व, जीवराखन ठेकेदार, भोलू, ह्यिह्यखलेशवर, चीन्टू साहू, रुपलाल साहू, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू, रायपुरीहा, कुनाल साहू, नंद पंडा, डॉ. धनेशवर साहू, डोरेलाल साहू, श्रीमती बबीता साहू, टिकेशवरी साहू, संगीता सप्रे, मुंगा सप्रे, रेखा पटेल, दुर्गा साहू, ललिता यादव, पुरईन बाई, पार्वती साहू, रुक्मणी, कौशिलया सेन, नीरा साहू, कु डिम्पल साहू, कु पुजा, कु बेदू, कु सुरुची, छोटी, कु नेहा, वासुदेव सप्रे, सुनील कहार, सुंदर सप्रे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्रकांत कोसरे व कुंजलाल साहू ने दी














# द दिल्ली फाइल्स का टीजर आउट, मिथुन चक्रवर्ती ने अपने हैरत अंगेज अवतार से उड़ाए होश

निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर' का टीजर जारी कर दिया है। बंगाल त्रासदी पर बनी फिल्म के टीजर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अग्निहोत्री ने इसे संविधान का सम्मान बताया। सोशल मीडिया पर सक्रिय विवेक रंजन अग्निहोत्री ने 'द दिल्ली फाइल्स' के टीजर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, प्रस्तुत है 'द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर' के निर्माताओं की ओर से भारत के संविधान को सम्मान।




इस स्वतंत्रता दिवस पर एक महाकाव्य अनकही कहानी का गवाह बनें। दुनिया भर में रिलीज होगी। विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में तैयार 'द दिल्ली फाइल्स: बंगाल चैप्टर' के दो मिनट 21 सेकंड के टीजर वीडियो में मिथुन चक्रवर्ती अपनी जली हुई जीभ से संवाद सुनाते दिखाई दिए। संवेदनशील मुद्दे पर बनी 'द दिल्ली फाइल्स' में दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक दमदार है। बंगाल की त्रासदी और हिंदू नरसंहार पर बनी फिल्म के टीजर में अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक खाली गलियारे में धीरे-धीरे चलते और जली हुई जीभ से भारत के संविधान को सुनाते नजर आए। मिथुन सफेद दाढ़ी और कांपती आवाज के साथ संविधान का पाठ करते दिखे।

'द दिल्ली फाइल्स' भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को बड़े पैमाने पर जीवंत करती है। यह बंगाल की मार्मिक त्रासदी की पड़ताल करती है, जो भारत के अतीत के एक ऐसे हिस्से को उजागर करती है, जिसे लोग ज्यादा नहीं जानते। प्रभावशाली कहानी, लुभावने दृश्यों और शानदार कलाकारों से सजी फिल्म स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है। फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने किया है। तेज नारायण अग्रवाल और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस के सहयोग से फिल्म बनी है। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती के साथ अनुपम खेर, गोविंद नामदेव, पुनीत इस्सर, बब्बू मान और पालोमी घोष भी अहम भूमिका में हैं। द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर इसी साल पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म 15 अगस्त, 2025 को दुनियाभर में रिलीज होगी।

# गाउन में बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही हैं सुरभि चंदना



**सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही हैं।**

## *एक्ट्रेस की हर एक अदाओं पर दिल हार गए फैंस*

टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका हर एक स्टाइल फॉलो करते हैं।

# कोर्ट ने दी कंगना रनौत को आखिरी वॉर्निंग जारी हो सकता है गैर-जमानती वारंट

**कंगना रनौत और जावेद अख्तर के बीच का विवाद एक बार फिर गरमा गया है। कई बार कोर्ट में पेशी के आदेश के बावजूद एक्ट्रेस एक बार भी सुनवाई के लिए नहीं पहुंचीं। मामले पर मुंबई कोर्ट ने मंडी से सांसद और एक्ट्रेस के एक आखिरी बार चेतावनी दी है। अगर वो कोर्ट में पेश नहीं होती हैं तो उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर सकता है। फिलहाल इस पर कंगना की तरफ से कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है।**



### क्यों हुई गैर-जमानती वारंट की मांग?

अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत मंगलवार को मुंबई के बांद्रा कोर्ट में हाजिर होना था। बॉलीवुड गीतकार जावेद अख्तर और उनके बीच लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई को खत्म करने के लिए उनका कोर्ट में मौजूद होना जरुरी था। ई-टाइम्स की एक खबर के अनुसार, एक्ट्रेस की तरफ से कहा गया कि संसद में उपस्थित होने के कारण वह कोर्ट नहीं आ सकीं। हालांकि, अख्तर की ओर से पेश अधिवक्ता जे.के भारद्वाज ने उनकी कोर्ट ना आने पर उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने की मांग कर दी है। उन्होंने इसको लेकर एक आवेदन दर्ज कराया है। भारद्वाज ने बताया कि रनौत केस की जरूरी तारीखों पर अनुपस्थित रहीं, जो लगभग 40 तारीख हैं, जिन पर उन्हें अदालत में मौजूद होना था। बता दें कि दिसंबर 2024 में रनौत और अख्तर दोनों ने मामले में मध्यस्थता करने का फैसला किया था। हालांकि, अभी तक इस मामले कोर्ट किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है।

### साल 2016 का है पूरा मामला

बता दें कि कंगना और अख्तर के बीच ये मुद्दा काफी पुराना है। ये बहस साल 2016 में अख्तर के घर पर हुई एक बैठक से शुरू हुई थी। उस वक्त रनौत और अभिनेता ऋतिक रोशन ईमेल से जुड़े मामले को लेकर सुर्खियों में थे जिस लेकर काफी बवाल मचा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर ऋतिक रोशन के करीबी जावेद अख्तर ने एक्ट्रेस के साथ बैठकर इस मामले को खत्म करने का हाथ बढ़ाया था। हालांकि कंगना ने दावा किया था कि जावेद अख्तर ने उन्हें सबके सामने जलील करने की कोशिश की थी। मामले को एक्ट्रेस ने कोर्ट में घसीटा जिसके जवाब में गीतकार ने उन पर मानहानी का केस दर्ज किया था। हालांकि जागरण इसकी पुष्टि नहीं करता।

### इमरजेंसी को लेकर बटोरी सुर्खियां

कंगना रनौत इन दिनों अपनी हालिया फिल्म इमरजेंसी को लेकर लाइमलाइट बनी हुई हैं। फिल्म में एक्ट्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। फिल्म का निर्देशन उन्होंने खुद किया है। इमरजेंसी की रिलीज से पहले कंगना की फिल्म को लेकर खूब विवाद हुआ था। कई जगह मूवी को बैन करने की भी मांग हुई थी।

# महिलाओं के बीच अब फिर से प्रचिलित हो रही है स्किनी जींस

पिछले कुछ सालों से महिलाओं के बीच वाइड लेग जींस और बेल बॉटम जैसी पैंट का चलन है। इस दौरान महिलाएं स्किनी जींस पहनना नहीं पसंद करती थीं और यह परिधान फैशन से बाहर हो गया था। हालांकि, इस साल यह परिधान एक बार फिर चलन में आ रहा है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको स्किनी जींस स्टाइल करने के 4 तरीके बताएंगे, जिन्हें आजमाकर आप बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश लगेंगी।



### ब्लेजर और बूट के साथ पहनें

इस साल महिलाएं एक औपचारिक लुक पाने के लिए स्किनी जींस का चुनाव कर सकती हैं। इस परिधान को स्टाइल करने के लिए सबसे पहले एक हाई नेक टॉप या स्वेटर पहनें। अब इसके ऊपर एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर लेयर करें और पैरों में बूट पहनें। आपको ऐसे बूट चुनने चाहिए, जो लंबे हों और जिनमें पेंसिल हील लगी हों। अपनी जींस को बूट के अंदर टक करें और बालों में स्लीक पोनी बना लें।

### ढीली शर्ट के साथ स्टाइल करें

अगर आप दिन के समय घूमने जा रही हैं तो आप स्किनी जींस के साथ शर्ट पहन सकती हैं। आप सफेद, हरे, गुलाबी, काले जैसे पसंदीदा रंग की शर्ट चुन सकती हैं। शर्ट को पूरी तरह जींस में टक करें या आधे हिस्से को टक करके आधा बाहर ही रहने दें। इसके साथ हील वाली सैंडल पहनें और एक सुंदर-सा स्लिंग बैग स्टाइल करें। इस लुक के साथ आप बालों को खुला रख सकती हैं या जूड़ा बना सकती हैं।

### हॉल्टर नेक टॉप के साथ लगेंगी शानदार

स्किनी जींस के साथ हॉल्टर नेक वाला टॉप भी बेहद शानदार लगता है। हॉल्टर टॉप एक प्रकार का स्लीवलेस टॉप होता है, जिसकी पट्टियां गले के पास बंधी होती हैं। स्किनी जींस के साथ पहनने के लिए ऐसा हॉल्टर टॉप चुनें, जो हल्का क्रॉप हो और जिसकी फिटिंग अच्छी हो। अपने लुक को पूरा करने के लिए कानों में हूप इयररिंग, आखों में धूप का चश्मा, पैरों में पेंसिल हील सैंडल और कलाई में घड़ी पहनें।

### स्वेटर के साथ भी लगेंगी सुंदर

अगर आप अपने लुक को एफर्टलेस रखना चाहती हैं तो स्किनी जींस और स्वेटर का चुनाव करें। हल्का ढीला स्वेटर चुनें और उसके साथ नीले या काले रंग की स्किनी जींस पहनें। अपने स्वेटर को आगे से जींस में टक करें और पीछे की ओर से बाहर ही रहने दें। ऐसा करने से आप पतली और लंबी नजर आएंगी। इसके साथ एक सुंदर-सा लॉकेट पहनें, टोट बैग टांगें और स्नीकर्स स्टाइल करें।

# जब छोटे बाल बन गए एक्ट्रेस के लिए मुसीबत, लोग समझने लगे थे लेस्बियन

**कई धमाकेदार वेब सीरीज में काम कर चुकीं कीर्ति कुल्हारी इन दिनों बैक-टू-बैक फिल्मों में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की आर माधवन और नील नितिन मुकेश के साथ 'हिसाब बराबर' रिलीज हुई, जिसे क्रिटिक्स ने खूब सराहा। अब कीर्ति जल्द ही हिमेश रेशमिया के साथ 'बैडएस रविकुमार' में नजर आने वाली हैं।**



इन दिनों 'बैडएस रविकुमार' के प्रमोशन में जुटी कीर्ति ने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया कि उनके बाल कटाते ही लोग उन्हें होमोसेक्शुअल समझने लगे थे। एक्ट्रेस कहती हैं कि उन्हें सोशल मीडिया पर कई तरह के मेसेज आने लगे थे। बॉलीवुड बबल के साथ बात करते हुए कीर्ति कुल्हारी कहती हैं कि उन्हें हर एक डिटेल तो याद नहीं है। लेकिन उन्हें ये साफ तौर पर याद है कि उन्हें इंस्टाग्राम पर लोगों के खासकर लड़कियों के मेसेज आते थे। एक्ट्रेस एक किस्सा शेयर करती हैं जहां, 12-13 साल की एक लड़की के पिता ने उन्हें मेसेज किया था कि उनसे प्रेरित होकर उनकी बेटी भी अब वैसे ही बाल कटाना चाहती हैं। कीर्ति कुल्हारी अपने ट्रेंडी हेयरस्टाइल के बारे में बात करते हुए कहती हैं कि उन्होंने किसी को कुछ साबित करने के लिए या कोई नया ट्रेंड शुरू करने के लिए अपने बाल नहीं कटवाए थे। बाल कटवाने का उनका फैसला एकदम रैंडम था।

एक्ट्रेस कहती हैं, 'वो एक ऐसा फैसला था जो मैंने बिना कुछ सोचे-समझे बस उस पल में लिया था। फिल्म 'हिसाब बराबर' की शूटिंग खत्म करने के बाद मैंने अपने बाल काटे थे, क्योंकि मेरे बालों पर काफी कलर लगा था और कई हेयर ट्रीटमेंट हुए थे'। कीर्ति कहती हैं कि पहले उन्होंने खुद ही अपने बाल काटे और फिर हेयर ड्रेसर के पास जाकर एकदम ही छोटे करा लिए। वो कहती हैं कि उन्होंने ज्यादा सोचे-समझे बिना ये फैसला लिया था, लेकिन उनके दोस्त उनके इस फैसले से काफी उत्साहित थे। एक्ट्रेस बताती हैं कि उनका नया हेयरस्टाइल देखकर लोग उन्हें मेसेज करते थे। एक्ट्रेस कहती हैं, 'मुझे इतनी सारी लड़कियों के मेसेज आते थे। मैं सोचती थी कि आखिर कैसे बाल काटने जितने छोटे से कदम से लोगों पर इतना प्रभाव पड़ सकता है'।

'हिसाब बराबर' एक्ट्रेस कहती हैं कि वो काफी शॉक थीं कि लोग बालों को अलग-अलग तरह की धारणा से जोड़ते हैं। उनके बाल काटते ही सबको यकीन हो गया था कि अब वो जल्द ही इस बात को खुलासा करेंगी कि वो लेस्बियन हैं। कीर्ति कुल्हारी कहती हैं कि ये देखकर वो हैरान थीं कि कैसे लोग अपनी परवरिश और अपनी सोच के हिसाब से हर चीज का एक अनोखा मतलब निकाल लेते हैं। बता दें, हिमेश रेशमिया के साथ एक्ट्रेस की फिल्म बैडएस रवि कुमार 7 फरवरी को रिलीज के लिए तैयार है।

# *पपीता ही नहीं इसके बीज खाने के भी हैं ये कमाल के फायदे, ऐसे करें इस्तेमाल*

पपीते का सेवन करना न केवल पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा में निखारने और वजन कम करने में भी मदद करता है। लेकिन पपीता खाने के बाद लोग इसके बीजों को कूड़ा समझकर फेंक देते हैं। पपीते के बीज औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पपीते के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, मिनरल्स और विटामिन मौजूद होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं। आज हम आपको पपीते के बीज के फायदे और उनका इस्तेमाल कैसे करें के बारे में बताएंगे।

### पपीते के बीज के फायदे-

1. पपीते के बीज का सेवन करने से लीवर और किडनी को डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिल सकती है। ये शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायक होते हैं।
2. पपीते के बीजों में पपेन नामक एंजाइम पाया जाता है, जो पाचन में मदद करता है। ये पेट के कीड़ों को खत्म करने और कब्ज से राहत दिलाने में भी कारगर होता हैं।
3. पपीते के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
4. पपीते के बीज में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो भूख को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे वजन में सहायता मिलती है। साथ ही वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है.
5. इसके अलावा पपीते के बीज में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रेसिस्टेंस केपिसिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

### ऐसे करें पपीते के बीज का इस्तेमाल

1. आप पपीते के बीजों को सलाद में डालकर खा सकते हैं। ये सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके लिए आपको पपीते के बीजों को हल्का भून लेना है इसके बाद इन्हें सलाद में मिलाकर खा सकते हैं।
2. पपीते के बीज का स्वाद कड़वा होता है। ऐसे में आप इन्हें शहद के साथ मिलाकर खा सकते हैं
3. पपीते के बीजों का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। अगर आप भी शरीर को डिटॉक्स करना चाहते हैं तो पानी में कुछ बीजों को पानी में उबालकर कर पिएं। ऐसा करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी।



# क्या आप पेट की जिद्दी चर्बी से परेशान हैं? किन कारणों से बढ़ता है मोटापा

**आज के समय में पेट की चर्बी बढ़ने की समस्या आम हो गई है। इसके लिए अनुचित खान-पान और जीवनशैली को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए? इन कारणों को जानकर आप अपने बढ़ते पेट की चर्बी को नियंत्रित कर सकेंगे। आपको बता दें कि कब्ज की समस्या पेट की चर्बी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होती है। न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पेट की चर्बी बढ़ने के लिए जिम्मेदार 10 हैरान कर देने वाले कारणों का खुलासा किया है, जिन्हें लोग कब्ज की सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।**

### पेट की चर्बी बढ़ने के कारण

कब्ज एक आम समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, लेकिन पेट की चर्बी पर इसके प्रभाव को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। कब्ज के दौरान शरीर में काफी तकलीफ महसूस होती है, लेकिन लोग यह नहीं जानते कि कब्ज के दौरान शरीर में दिखने वाले लक्षण असल में पेट की चर्बी बढ़ने का कारण बनते हैं।



सूजन: पुरानी कब्ज शरीर में सूजन पैदा कर सकती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है और पेट में वसा का भंडारण बढ़ा सकती है।

विषैले तत्वों से ग्रस्त शरीर : कब्ज के कारण शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण हो सकता है, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और वजन कम करना मुश्किल हो सकता है।

पेट फूलना: कब्ज के दौरान पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे आपका पेट सचमुच बड़ा दिखाई देता है।

तनाव और चिंता: पुरानी कब्ज से तनाव और चिंता बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में वसा का संचय बढ़ सकता है।

### पोषण संबंधी कमिया

कब्ज के कारण आवश्यक पोषक तत्वों का खराब अवशोषण हो सकता है, जिसमें निम्नलिखित पोषक तत्व शामिल हैं:-

1.विटामिन बी3:मेटाबॉलिज्म और एमर्जी प्रोडक्शन के लिए महत्वपूर्ण

2.विटामिन बी6:मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए महत्वपूर्ण

3.विटामिन बी7:मेटाबॉलिज्मऔर फैट लॉस के लिए आवश्यक

### स्लो मेटाबॉलिज्म

कब्ज पाचन और चयापचय को धीमा कर सकता है, जिससे वजन कम करना और पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है।

### खराब लाइफस्टाइल

गतिहीन जीवनशैली से कब्ज बढ़ सकती है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### आंत संबंधी डिस्बायोसिस

कब्ज आंत के बैक्टीरिया के संतुलन को बाधित कर सकता है, जिससे शरीर में फैट के प्रसंस्करण और भंडारण के तरीके में परिवर्तन हो सकता है। इससे पेट की चर्बी कम करना मुश्किल हो जाता है।

### जंक फूड का सेवन

प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और चीनी से भरपूर आहार से कब्ज बढ़ सकता है, जिससे पेट की चर्बी सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

# राष्ट्रीय रक्षा अध्ययन दल ने किया जिले में रक्षात्मक व सृजनात्मक कार्यों का अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय,** भारत सरकार नई दिल्ली के अधीन राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के 18 सदस्यीय अधिकारियों के दल ने जिले में संचालित रक्षा एवं अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। दल के सदस्यों ने महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किए जा रहे सामुदायिक प्रबंधन एवं आजीविका मूलक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित अजय मंडावी से भेंट कर उनके द्वारा काष्ठ शिल्प एवं अन्य कलाकृतियों से अवगत हुए।

तत्पश्चात जंगल वार फेयर कॉलेज में रक्षा एवं प्रतिरक्षा के प्रशिक्षण का लाइव डेमो देखा तथा क्षेत्र विशेष में सुरक्षा बलों के द्वारा उपयोग की जाने वाली गुरिल्ला वार तकनीकी के संबंध में जानकारी ली। उक्त दल में देश के रक्षा मंत्रालय के उच्चाधिकारियों के अलावा विभिन्न देशों के रक्षा अधिकारी भी सम्मिलित थे।

राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन भ्रमण 2025 अंतर्गत सेना, सिविल सेवा और मित्र देश के 18 अधिकारियों का दल आज जिला मुख्यालय पहुंचा जहां पर उन्होंने रक्षात्मक एवं अन्य सृजनात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी संदीप एस. संधू के नेतृत्व में कांकेर पहुंचा दल सबसे पहले नगर के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित अजय मण्डावी के भेंट कर उनके द्वारा बनाई गई काष्ठ कलाकृतियों का अवलोकन किया। मण्डावी ने बताया कि जेल के कैदियों को उनके द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण और उनके द्वारा संचालित 'एक कदम गांव की ओर' कार्यक्रम के बारे में भी रक्षा अध्ययन दल के सदस्यों को जानकारी दी, जिसकी रक्षा अधिकारियों ने सराहना की। इसके पश्चात् अधिकारियों का दल सिंगारभाट स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचकर वहां संचालित मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट, कड़कनाथ फार्म हैचिंग कार्य का भी अवलोकन किया। साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं से भेंट कर मिलेट उत्पाद कोदो, कुटकी, रागी से तैयार होने वाले विभिन्न व्यंजनों की जानकारी ली।

कांकेश्वरी स्व-सहायता समूह से संतोषी साहू ने बताया कि उनके समूह में हर्रा, महुआ से बनाने वाले व्यंजन तथा अचार, पापड़ को बनाकर बिक्री करने के साथ आय के संबंध में जानकारी दी। इसी प्रकार समूह की महिला रीना चक्रधारी ने बताया कि उनके द्वारा बकरीपालन तथा मशरूम उत्पादन कर औसतन 02 लाख रूपए से अधिक की सालाना आमदनी होती है। इसके अलावा अधिकारियों को समूह की महिलाओं ने सीताफल से बनी आईस्क्रीम का स्वाद भी चखा। उन्होंने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए और अधिक मेहनत करते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के साथ पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक बीरबल साहू और नरेन्द्र तायड़े मौजूद थे।

इसके उपरांत अधिकारियों का दल ग्राम सिंगारभाट स्थित जंगलवार फेयर कॉलेज पहुंचा, जहां पर संस्था के प्रमुख ब्रिगेडियर एस.के. लामा (सेवानिवृत्त) ने पीपीटी के माध्यम से कॉलेज की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पुलिस एवं रक्षा के प्रशिक्षुओं को वहां पर दिए जाने वाले आधुनिक प्रशिक्षण एवं गुरिल्ला युद्ध तकनीक के पहलुओं के बारे में संक्षिप्त में बताया।

इसके अलावा दुर्गम पहाड़ियों, घने जंगलों और पहुंचविहीन क्षेत्रों में प्रतिरक्षा से संबंधित अभ्यासों प्रतिकूल परिस्थितियों में सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में टीम के सदस्यों को अवगत कराया गया। इस दौरान जंगल वारफेयर कॉलेज में टीम के सदस्यों को ट्रेनिंग स्पॉट पर ले जाकर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के अभ्यास का प्रशिक्षुओं के माध्यम से लाइव डेमो भी कराया गया। इस दौरान अधिकारियों का दल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों से मिलकर उनसे संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा सहित पुलिस और जंगल वारफेयर कॉलेज के प्रशिक्षु जवान अधिकारी आदि मौजूद थे।

# हिंदू समाज विश्व का गुरु बनेगा, इसमें कोई दो राय नहीं : मोहन भागवत



**केरल (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने दो दिवसीय केरल दौरे पर पथानामथिट्टा हिंदू धर्म सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बात में कोई दो राय नहीं है कि हिंदू समाज विश्व का गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को अपना जीवन चलने के लिए हिंदू एकता की आवश्यकता है, उसमें से शक्ति उत्पन्न होगी, यह बताने के लिए और कोई तर्क देने की आवश्यकता नहीं है।

विश्व में एक नियम है ,जो समाज संगठित है उस समाज का उत्कर्ष होता है, जो समाज विभक्त है, संगठित नहीं है, उस समाज का पतन होता है, इतिहास और वर्तमान दोनों इसके साक्षी है।

मोहन भागवत ने कहा कि शक्तिमान होने से बाकी विश्व को भी खतरा भी हो सकता है, क्योंकि शक्ति तो शक्ति है ,उसको दिशा देने वाला मनुष्य होता है, उस शक्ति का उपयोग करने वाला होता है ,उसकी बुद्धि कैसी है, उस पर निर्भर है, दुष्ट लोग विद्या का उपयोग विवाद बढ़ने के लिए करते हैं, हम अपने चारों ओर देखते हैं तो ध्यान में आता है धन का उपयोग अपना मत बढ़ाने के लिए करते हैं, शक्ति का उपयोग दूसरों को पीड़ा देने के लिए करते हैं, लेकिन साधु लोगों का इससे उल्टा होता है।

अच्छे लोग विद्या का उपयोग ज्ञान बढ़ाने के लिए करते हैं, धन का उपयोग दान करने के लिए करते हैं, शक्ति का उपयोग दूर्बल की रक्षा के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू एकता विश्व के लिए उपकारी होगी,यह कैसे होगा, इसमें कोई शंका करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हिंदू एक स्वभाव का नाम है, हिंदू में एक अनेक मत, पंथ, संप्रदाय है अनेक भाषाएं हो गई, विशाल देश अपना है जिसमें हिंदू रहता है।

उन्होंने आगे कहा, 'भूगोल अलग-अलग है, वातावरण अलग-अलग है, खान पान ,रहने की जगह भी अलग-अलग प्रकार की है, रेगिस्तान में रहने वाले लोग हैं, पर्वत की चोटी पर रहने वाले लोग हैं, समुद्र के किनारे रहने वाले लोग हैं, मैदान में रहने वाले लोग हैं, शहरों में रहने वाले लोग हैं, जंगलों में रहने वाले हैं, गांव में रहने वाले हैं सब प्रकार है, परंतु यह होने के बाद भी सबका एक स्वभाव है, उस स्वभाव का नाम हिंदू है, यदि स्वभाव का वर्णन करना है तो हम कह सकते हैं, हिंदू समाज धर्म प्राण है, इसलिए शक्ति का उपयोग विश्व कल्याण के लिये ही होगा।

**एकता अंदर का सत्य है:** उन्होंने कहा कि दुनिया के सारे कलह दो बातों के कारण है, एक है स्वार्थ, दूसरा है भेद, मनुष्य एक दूसरे को एकता की भाव से, समदृष्टि से देखा नहीं है, वह दिखता अलग है, इसलिए जो अपने से अलग दिखता है ,उसे अपने से अलग मानता है, वास्तव में यह जो विविधताएं हैं, मनुष्य की भौतिक जीवन की विविधता हो, अथवा अनेक मत संप्रदायों का दिखने वाला अलग-अलग स्वरूप हो, अलग-अलग तत्व ज्ञान हो ,अलग-अलग ग्रंथ हो ,अलग-अलग गुरु हो, ये देश,काल, स्थिति के अनुसार अलग-अलग हो जाते हैं। हमको यह समझना चाहिए हम कौन हैं, हम हिंदू हैं, यानी हिंदू स्वभाव वाले हैं, अलग-अलग दिखते हैं, लेकिन एक ही धर्म को मानने वाले हैं, क्योंकि धर्म तो एक ही है, वही मानव धर्म है, वही सनातन धर्म है, वही हिंदू धर्म कहलाता है, उसको मानने वाले हम लोग हैं, हमारे पास सत्य है, विविधता ऊपर की बात है, एकता अंदर का सत्य है, हमारे पास करुणा की दृष्टि है।

# भारत के गौरव और गरिमा की समझ ही सच्ची देश भक्ति : भाग्यश्री साठेय

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'दैनंदिन जीवन में देशभक्ति' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संयोजिका महिला समन्वय एवं केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य राष्ट्र सेविका समिति सुश्री भाग्यश्री साठये ने कहा कि भारत ज्ञान का प्रतीक है। भारत की ज्ञान परम्परा अत्यंत वैभवशाली है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। युवा भारत की इस ज्ञान परम्परा को समझें। भारत के गौरव को जानना ही सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे सोशल मीडिया पर भारतीय ज्ञान परम्परा ओर गौरव के विषयों पर जानकारियों को साझा करें।

भारत में चरित्र निर्माण ही व्यक्ति को जेंटलमैन बनाता है। उन्होंने 'भारत' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि भा तेजस्विता का प्रतीक है और रत लीनता का। उन्होंने दैनिक जीवन में सकारात्मक लोक कल्याण एवं जन जागरूकता के कार्यों को करने की बात कही। बीएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रथम सेमेस्टर की छात्रा लीशा ताम्रकार के प्रश्न पाश्चात्य संस्कृति के भारतीय संस्कृति पर प्रभाव के उत्तर में उन्होंने कहा कि आधुनिकता आवश्यक है, लेकिन हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए।

पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से बचना चाहिए। बीएजेएमसी के छात्र देवांश तिवारी के सवाल युवा पीढ़ी को देश के प्रति जागरूक कैसे किया जा सकता है? के उत्तर में भाग्यश्री साठये ने सुझाव दिया कि युवा देशभक्ति पर आधारित फ़िल्में, वेब सीरीज़ और डॉक्यूमेंट्री देख सकते हैं। साथ ही महापुरुषों को पढ़ें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के ज्ञान का विस्तार करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशप्रेम केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. नृपेंद्र शर्मा, तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पीएससी प्रारंभिक परीक्षा 9 को, जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फ़रवरी 2025 को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा हैं। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 12 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 3595 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि आयोग के द्वारा परीक्षा ड्यूटी के लिए सम्बंधित अधिकरियो के लिए कार्य व जिम्मेदारी तय की गई है, उसका सभी पालन करें। किसी प्रकार की समस्या आने पर परीक्षा के नोडल अधिकारी या समन्वयक को सूचित करें। परीक्षा निर्देशिका का विस्तृत अध्ययन कर परीक्षा कार्यक्रम को समझ लें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी बताएं। किसी परीक्षा केंद्र को परीक्षा से सम्बंधित किसी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता होगी तो जिला प्रशासन सहयोग करेगा।

**ये होंगे परीक्षा केंद्र :**

पीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमे दाऊ कल्याणसिंह शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुनी, अम्बुजा विद्यापीठ रवान, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, आरकेजी हायर सेकेण्डरी स्कूल कोकड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर बलौदाबाजार, अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार एवं शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटागांव शामिल है। इन 12 केन्द्रों में कुल 3595 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहायक नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित केंद्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज ठेठवार (यादव) समाज का वार्षिक मिलन समारोह व पारिवारिक सम्मेलन हुआ संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ राज ठेठवार (यादव) समाज भिलाई नगर का 32 वा वार्षिक मिलन समारोह पारिवारिक सम्मेलन एवं युवक युवती परिचय 2 फरवरी 2025 सुबह 9 बजे से ठेठवार सदन प्रगति नगर रिसाली भिलाई में सम्पन्न हुआ आज के इस कार्यकम में आसपास से समाज जन बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन की सराहना किया।**



आगे इसी तरह निरंतर समाज में आयोजन होते रहना चाहिए इससे समाज संगठन मजबूत होता है इस अवसर पर प्रमुख रूप मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर,विशिष्ट अतिथि गुलेंद्र यादव प्रांताध्यक्ष राजिम महासभा निशा देवेंद्र यादव जोन अध्यक्ष रायपुर धर्मेंद्र भगत पार्षद रिसाली रिवेन्द्र यादव पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष जिला दुर्ग नंद किशोर यादव बालोद राज ठाकुर राम यादव राजिम महासभा मनीराम यादव महासचिव रायपुर राज अपनी उपस्थिति दिए,कार्यक्रम की शुभारंभ इष्टदेव श्री राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर समाज से टापटेन,गोल्ड मेडिक छात्र छात्राओं का यादव गौरव रत्न से सम्मानित किया गया।

बड़ी संख्या में विवाह योग्य युवक युवती अपना परिचय देने आज के इस आयोजन में सम्मिलित हुवे,बालोद राज नंद किशोर यादव जी ने समाज में संगठन की मजबूती पर अपनी बात रखे गुलेंद्र यादव कार्यक्रम की सराहना करते हुवे आगे भी हर सहयोग मेरे द्वारा मिलता रहेगा ये शुभकामनाएं दिए निशा देवेंद्र यादव जी ऐसे आयोजन पर हमारे आसपास की भी राज पार को सम्मिलित करे ताकि हम एक दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने राज पार में इसी तरह का आयोजन रख पाए अपनी बाते रखे अंतिम में पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव जी शिक्षा के साथ समाज में इस तरह का आयोजन बहुत जरूरी हे यह पारिवारिक मिलन समारोह के साथ समाजिक मिलन समारोह भी हो जाता हे ऐसे आयोजन से एक दूसरे परिचय होते है इनसे संगठन के साथ समाज भी मजबूत होता हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन महासचिव बिरेंन्द्र कुमार यदु ने किया कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए भिलाई नगर के प्रमुख अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यदु महासचिव बिरेंन्द्र यदु कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह यादव युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्येंद्र यादव महासचिव सूर्यकांत यादव कोषाध्यक्ष राजू यादव महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरोज यदु महासचिव मंजू यादव कोषाध्यक्ष सत्यभामा व भिलाई नगर समस्त पदाधिकारी स्वजातीय अपनी उपस्थिति दिए शंकर लाल यादव खेम सिंह यादव उमाशंकर यादव मलागर यादव कोमल यादव जयेंद्र यादव गजेंद्र यादव राजेंद्र यादव पुखराज यादव सचिन यादव मोहन यादव लोकचंद यादव संदीप यादव नीरज यादव आशीष यादव प्रमोद यादव वंदना यादव श्रवण कुमार यादव कृष्ण कुमार यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# बच्चों एवं महिलाओं की सेहत व उत्थान पर हो पूरा जोर : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी नें बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पोषण ट्रेकर में कमजोर प्रदर्शन पर बिटकुली एवं संडी के सेक्टर अधिकारी को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिये।**

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीडीपीओ, सेक्टर ऑफिसर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता जुड़े थे। कलेक्टर नें कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग बहुत ही संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य करने वाला विभाग है जिसमें महिलाओं व बच्चों का विकास सबसे प्रमुख है। विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और उनके उत्थान पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर के रूप में संचालित हैं।

आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों के साथ कार्यकर्ता व सहायिका अभिभावक की तरह व्यवहार करें। नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता बेहतर हो, साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। कुपोषित बाच्चों को समय पर मापदंड के अनुसार आकलन कर आवश्यकता अनुसार उपचार के लिए कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ एवं सेक्टर अधिकारी कार्य का निरंतर कड़ाई के साथ मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर नें बैठक में महतारी वंदन योजना, पोषण ट्रेकर, कुपोषण दर, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, बाल सन्दर्भ योजना, पोषण पुनर्नवास केंद्र, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सक्षम योजना, भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्र आदि पर विस्तृत समीक्षा की। बताया गया कि जिले में 1587 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जिसमें 3 कार्यकर्त्ता एवं 13 सहायिका के पद रिक्त है। मॉनिटरिंग के लिए 7 सीड़ीपीओ एवं 60 सेक्टर अधिकारी हैं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टी के जाटवर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### कोरबा में दंतैल हाथी का आतंकः 2 मकानों में की तोड़फोड़

**कोरबा ( ए. )।** कोरबा वन मंडल कटघोरा में 48 हाथी घूम रहे हैं। जो लंबे समय से विचरण कर रहे हैं। कई हाथी झुंड से बिछड़ कर जंगल से लगे गांव में पहुंच रहे हैं। जिससे ग्रामीण दहशत में हैं ग्रामीण रात को जगाने को मजबूर हैं। अब हाथियों पर सायरन कभी असर नहीं हो रहा है। केंदई रेंज में दंतैल हाथी ने रात ढ़ोढ़ाबहार में दो मकानों को तोड़ दिया।

केंदई रेंज में दंतैल हाथी के कहर से बचने के लिए ग्रामीण शंकर ने अपने परिवार के साथ भागकर जान बचाई। हाथी के मकान तोड़ने और हाथी मित्र दल के वाहन में सायरन बजाने का वीडियो सामने आया है। जहां वन विभाग की टीम सायरन बजा रही है। लेकिन हाथी को कोई असर नहीं हो रहा है, वह घर के बाहर खड़ा हुआ था। हाथी मित्र दल के कर्मचारी टॉर्च मारने के साथ सायरन बजाते रहे। लेकिन दंतैल पर कोई असर नहीं हुआ। हाथी मकान को तोड़ने के साथ ही अंदर से राशन सामान निकाल कर खाता रहा। काफी देर बाद दो मकानों को तोड़ने के बाद जंगल की ओर चला गया। इस क्षेत्र में अभी 28 हाथी घूम रहे हैं। जिसमें से दंतैल हाथी अलग से घूम रहा है। आसपास के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।

### हार्टअटैक से भालू की मौत, खेत में मिला शव

**रायगढ़ ( ए. )।** वन परिक्षेत्र में एक भालू का शव खेत में मिला। जिसकी जानकारी लगने के बाद विभाग द्वारा शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया है। जिसमें भालू की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जुनवानी सर्किल के देवगावं के मैनामुड़ा तालाब के पास एक भालू का शव पड़ा था। जिसे गांव के ग्रामीणों ने देखा, तो मामले की सूचना वन अमला को दी गई। जिसके बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। तब भालू के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। ऐसे में भालू के शव को लेकर तमनार रेंज ले जाया गया। जहां उसकी पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें पीएम रिपोर्ट में भालू की मौत हार्ट अटैक से बताया जा रहा है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से किसान की हुई मौत

**धमतरी।** जिले में एक और सड़क दुर्घटना सामने आई है। जहां बैंक कार्य निपटा कर घर जा रहे स्कूटी सवार किसान की सांधा चौक कुरूद के पास ट्रेलर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर कुरूद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को चीरघर भिजवाया। जहां पीएम के बाद आज शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कुरूद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम चिंवरी निवासी झुमुकलाल साहू उम्र 65 वर्ष पिता स्व. लालाजी साहू मंगलवार को अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमपी 1793 से कुरूद आए थे।

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर ठग दंपति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के नेवई थाना क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर दो युवकों से 5 लाख 95 हजार रुपए की ठगी करने वाले शातिर पति-पत्नी की जोड़ी पुलिस की गिरफ्त में आ गई है। दोनों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर ठगी की। नौकरी न लगने पर रुपए की जगह चेक दिया जो बाउंस हो गया। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं पति-पत्नी फरार हो गए थे। बुधवार को दंपति को गिरफ्तार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार प्रहलाद सिंह सिकरवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अनिता सिंह व उसके पति नरेन्द्र सिंह तथा इनके साथी गिरीश यादव और भूपेश कुमार सोनवानी के द्वारा इनके बेटे नवीन सिंह को मंत्रालय रायुपर में सरकारी नौकरी लगाने का दावा किया। साथ ही बुद्धेश्वर को मंत्रालय में प्यून नौकरी लगाने का झांसा दिया। इसके एवज में क्रमश : 4 लाख 25000 रुपए तथा 1 लाख 70,000 अलग अलग किस्तों ले लिए। इसके बाद भी नौकरी नहीं लगी। रकम वापस मांग करने पर अनिता सिंह ने भुपेश कुमार सोनवानी के युनियन बैक आफइंडिया का चेक नवीन को 425000 रुपए तथा बुद्धेश्वर को 150000 रुपए का दिया जिसे



लगाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद सभी रुपए देने के नाम पर आनाकानी करते रहे।

इस मामले में शिकायत के बाद धारा 420,34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में आरोपी गिरीश यादव और भूपेश कुमार सोनवानी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी अनिता सिंह एवं नरेन्द्र सिंह ठाकुर गिरफ्तारी के डर से फरार हो गए थे। पुलिस की टीम दोनों की लगातार पतासाजी कर रही थी। इसबीच अनिता सिंह एवं नरेन्द्र सिंह ठाकुर को बीएसयुपी कालोनी भाठागांव रायपुर से हिरासत में लिया गया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## नाबालिक को कुत्ते से कटवाया, फिर लूट लिए 50 हजार



**रायपुर।** रायपुर में एक नाबालिक को कुत्ते से कटवाकर पैसों की लूट हो गई है। नाबालिग का आरोप है कि वह अपने घर जा रहा था इस दौरान गाड़ी में पेट्रोल खत्म हो गया। तो वह रास्ते में रुक गया। इस दौरान कुछ बदमाश आए। वे 50 हजार रुपए और बाइक लूट कर ले गए। यह पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, एक नाबालिग ने थाने में शिकायत दी। उसने बताया कि वह मंगलवार की रात कोटा से अपने घर संतोषी नगर जा रहा था। जब वह गंज इलाके में पहुंचा तो अचानक उसकी गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया।

वह पास के ही एक पान ठेले में रुक गया। इस दौरान पहले दो युवक आए। फिर कुछ और लड़के भी आ गए। उन्होंने नाबालिक को घेर लिया। फिर पैसों की मांग करने लगे। नाबालिग का आरोप है कि बदमाशों ने उसके जब में रखे 50 हजार रुपए और बाइक छीन लिए। इस दौरान बदमाशों ने धारधार हथियार लेकर नाबालिग को मारने के लिए दौड़ाया। इसके बाद नाबालिग ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। फिलहाल इस मामले में गंज में शिकायत दी गई है। शिकायत मिलने के फौरन बाद पुलिस आसपास के जगह पर सीसीटीवी कैमरे की जांच पूछताछ कर रही है।

## जादू टोना के शक में बुजुर्ग की हत्या, पेड़ नीचे सोए बुजुर्ग को 7 लोगों ने मिलकर मारा, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 7 लोगों ने मिलकर बुजुर्ग की हत्या कर दी। घटना एक फरवरी की बताई जा रही है और इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को शक था कि बुजुर्ग जादू टोना करता है इसलिए यह खौफनाक कांड किया। घटना जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के मंडानार गांव का है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।



मिली जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को बुजुर्ग सोमारू राम पोया (60) की हत्या हुई और 2 फरवरी को पुलिस को हत्या की जानकारी मिली। मृतक के बेटे रामसाय पोया ने पुलिवस को बताया कि 1 फरवरी की रात को खाना खाने के बाद उनके पिता सोमारू राम पोया (60) घर की बाड़ी में बने लाड़ी में जाकर सो गए थे। अगली सुबह घर की ओर ना आने पर बेटे ने जाकर देखा तो पता चला कि पिता इमली पेड़ के नीचे खाट पर उनका शव है। मौके पर हथौड़ी भी पड़ी थी। किसी ने उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी।

बेटे की शिकायत पर पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। शव को पोस्टमॉर्टम करवाने के साथ ही पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। गठित टीम ने संदेह के आधार पर गांव के 7 लोगों को हिरासत में लया। संदेहियों ने पूछताछ में सोमारू राम पोया की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि सोमारू जादू टोना करता है। गिरफ्तार आरोपियों में गणेश मातलाम (30), रमेश मातलाम (38), बुधराम मातलाम (60), सगउ राम मातलाम (32), दुरगूराम मातलाम (28), रतन सिंह मातलाम (36) व लखमू राम कोरेटी (62) शामिल है। सभी मंडानार गांव के ही रहने वाले हैं।

# धमतरी में ट्रैक्टर पलटने से तीन छात्रों की मौत स्कूल जाने के बजाया घूमने निकले थे सभी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में ट्रैक्टर पलटने से 3 नाबालिग दोस्तों की मौत हो गई। वहीं चौथा नाबालिग दोस्त घायल है। बताया जा रहा है कि बैलेंस बिगड़ने से ट्रैक्टर का टायर पेड़ से टकराया और पलट गया। ट्रेक्टर को अर्जुन यादव नाम का छात्र चला रहा था और इसमें मयंक ध्रुव, हुनेंद्र साहू और प्रीतम चंद्राकर बैठे थे। ट्रैक्टर पलटने से मयंक ध्रुव, हुनेंद्र साहू और प्रीतम चंद्राकर दब गए और उनकी मौत हो गई। वहीं चालक अर्जुन यादव घायल है। सभी छात्रों की उम्र 14-15 साल के बीच है । मरने वाले सभी 9वीं के छात्र थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी मिलते ही मृत बालकों के घरों में मातम छा गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 2-3 बजे के बीच चारों दोस्त चौड़ा



रोड पर स्थित नवोदय स्कूल से एग्रीकल्चर कॉलेज गए थे। प्रीतम ट्रैक्टर चला रहा था। मयंक ध्रुव, हुनेंद्र साहू और अर्जुन पीछे बैठे थे। कॉलेज परिसर में घूमने के बाद सभी घर लौट रहे थे। इसी दौरान NH-30 के पास ट्रैक्टर बेकाबू हो गया और पिछला टायर बरगद के पेड़ से टकरा गया। ट्रैक्टर पलटकर सड़क से नीचे उतर गया, जिससे चारों ट्रैक्टर के नीचे दब गए।

इस हादसे में मृतक प्रीतम चंद्राकर (17), मंयक ध्रुव (16) दोनों निवासी ग्राम मोंगरा और हुनेन्द्र साहू (14) निवासी चर्रा का रहने वाला था। वहीं, घायल अर्जुन यादव (16) निवासी ग्राम बानगर का रहने वाला है। घायल अर्जुन यादव ने बताया कि ट्रैक्टर में सवार होकर चार दोस्त ग्राम चर्रा घूमने आए थे, तभी ग्राम चर्रा के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। बालक ने बताया कि ट्रैक्टर को उसका दोस्त प्रीतम चल रहा था। फिलहाल कुरूद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# नशे में धुत युवती ने एक्टिवा सवार युवकों को मारी टक्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के -रोड पर आधी रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक तेज रफ्तार टाटा इंडिगो कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इंडिगो कार में एक युवक और एक युवती सवार थे जो शराब पीए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, हादसे के समय युवती कार चला रही थी और युवक युवती की गोद में बैठा था। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के सामने हीयुवती ने सड़क पर ही जमकर हंगामा मचाया और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भी झुमाझटकी की। इतना ही नहीं नशे में धुत युवती ने थाने पहुंचकर भी





जमकर हंगामा मचाया। कार के सामने लोक अभियोजक और सरकारी वकील लिखा हुआ है। वहीं, कार में मिले विजिटिंग कार्ड के आधार पर भावेश आचार्य आरोपी युवक का नाम सामने आया है। हादसे में एक्टिवा सवार तीनों युवक नीलकमल साहू, ललित चंदेल और अरुण विश्वकर्मा घायल हुए है, जिन्हें मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। घायलों के स्वजनों के मुताबिक, तीनों युवक एक शादी हॉल से फोटोग्राफी का काम खत्म करके घर जा रहे थे, तभी सामने से आई तेज रफ्तार इंडिगो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना भयानक था कि, एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# विस्फोटक के साथ एक लाख के इनामी दो नक्सली गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जवान जब सर्च ऑपरेशन के दौरान केरलापाल थाना से सुरक्षाबलों का संयुक्त बल सिरसेट्टी और गडग़ड़पारा इलाके की ओर सर्चिंग अभियान पर रवान हुए थे। अभियान के दौरान 2 संदिग्धों मुचाकी देवा और मुचाकी जोगा को सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया, इनकी तलाशी में उनके कब्जे से एक टिफिन बम दो डेटोनेटर और कॉर्डेक्स वायर बरामद किया गया।



पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार दोनों नक्सलियों ने यह स्वीकार किया कि वे नक्सली संगठन से जुड़े हुए हैं, गश्त पर निकली पुलिस पार्टी को निशाना बनाने के लिए बम लगाने की उनकी योजना थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार 1 लाख रुपये का इनामी नक्सली मुचाकी जोगा प्रतिबंधित नक्सली संगठन गोगुंडा पंचायत के तहत चेतना नाट्य मंडली (सीएनएम) का कमांडर के रूप में सक्रिय रहा, जबकि मुचाकी देवा मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय रहा। इनके कब्जे से 3 किलोग्राम वजनी एक टिफिन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), दो डेटोनेटर और कॉर्डेक्स वायर (बमों में इस्तेमाल होने वाला) जब्त किया गया। गिरफ्तार दोनों नक्सलियों के विरूद्ध केरलापाल थाना में कार्यवाही उपरांत बुधवार को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

## नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेसर आईईडी विस्फोट से श्रमिक घायल



**नारायणपुर (ए.)।** छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंर्तगत आमदाई माइंस के जीरो पॉइंट में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट से आमदाई माइंस में कार्यरत एक श्रमिक राजमन सलंगा घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल श्रमिक राजमन सलंगा अमदयी खदान में काम करता है। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी में उसका पैर पड़ जाने से हुए विस्फोट से श्रमिक राजमन घायल हो गया, जिसे मौके पर मौजूद साथियों ने तत्काल उपचार के लिए छोटेडोंगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नारायणपुर जिला अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।विदित हो कि नक्सलियों द्वारा आमदाई माइंस का लगातार विरोध करते रहे हैं, और वहां कार्यरत लोगो में भय का वातावरण बनाने के लिए इस तरह के वारदात को अंजाम देने का प्रयास करते रहे हैं।

## छह नक्सलियों ने किया आत्मसर्मपण

**जगदलपुर (ए.)।** दंतेवाड़ा में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं बात कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जा रहा है। इस प्रयास से लगातार भटके हुए नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया जा रहा है।

नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा, माओवादी संगठनों के भीतर आंतरिक मदभेद और जंगलो में रहने की कठिनाईयों से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प किया। इसी के चलते छह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, जिसमें पांच महिला के साथ एक पुरुष नक्सली शामिल है। बुरगुम पंचायत मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर हुंगा उर्फ हरेन्द्र कुमार माड़वी (30) निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।, बुरगुम पंचायत मिलिशिया सदस्य आयते मुचाकी (38) निवासी बुरगुम बोज्जापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।, बुरगुम पंचायत सीएनएम सदस्य शांति उर्फ जिम्मे कोर्राम (28) निवासी बुरगुम पुजारीपाल थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।, बुरगुम डीएकेएमएस सदस्य हुंगी सोड़ी (29) निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा।, बुरगुम पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष हिड़मे मरकाम (30) निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा।, बुरगुम पंचायत केएएमएस सदस्य जोगी सोड़ी (35) निवासी बुरगुम गायतापारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा ने आत्मसर्मपण किया।



## पहाड़ी में आईईडी लगाने में शामिल 2 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा (ए.)।** जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सली उपस्थित की आसूचना पर थाना चिंतागुफा से जिला एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन एवं नक्सल आरोपी की धरपकड़ हेतु ग्राम ताड़मेटला व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम ताड़मेटला के जंगल पहाड़ पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर छिपने/भागने लगे, जिन्हें पुलिस द्वारा घेराबंदी कर 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सोड़ी दुला पिता नंदा निवासी ताड़मेटला स्कूलपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा, एवं माड़वी बुधरा पिता स्व. कोसा निवासी ताड़मेटला गोण्डेपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। पकड़े गये आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ वर्ष 2023 में थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत मिनपा-अरबराजमेंटा पहाड़ी में आईईडी लगाने, उक्त आईईडी की चपेट में आने से 1 जवान घायल होने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ रहना स्वीकार किया गया। घटना के संबंध में थाना चिंतागुफा में अपराध क्रमांक 12/2023 धारा 307, 120 (बी) भादवि. 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पूर्व से प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त नक्सली आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

Urgent Requirements
Profile: Senior Accountant.Job
Types: Full-time, Permanent,
Experience: 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
Working Time:- 10.00am To 7.00Pm
Qualification: Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).
Cont. No. 6232 926 014

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

# कोरबा में आमसभाः सीएम साय ने कहा- अटल विश्वास पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे, ये हमारी गारंटी है

## विशाल आमसभा को किया संबोधित, कहा-नगरीय निकाय क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए हमारी सरकार ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र को दिए 400 करोड़ रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। नगरीय निकायों के लिए भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र में हमने नगरीय निकाय क्षेत्रों के विकास के लिए जो घोषणाएं की हैं, वह विकास की गारंटी है। जिस तरह मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है, ठीक उसी तरह हम अटल विश्वास पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे, ये हमारी गारंटी है। इसलिए कोरबा सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऊर्जानगरी कोरबा के घण्टाघर मैदान में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। अपने नगरीय निकाय चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने जनता से कोरबा शहर के चहुंमुखी और निर्बाध विकास के लिए नगर निगम कोरबा की महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत और सभी 67 वार्डों के पार्षद पद हेतु भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

सीएम साय ने कहा कि नगरीय निकायों में कई पीढ़ियों से नजूल भूमि में मकान बनाकर रह रहे लोगों को उनके जमीन का मालिक बनाना है, इसके लिए नया कानून लाएंगे। शहरी क्षेत्रों में आने वाले समय में तीन लाख से अधिक पीएम आवास बनाएंगे। नगरीय क्षेत्र में रहने वाले, जो बिजली बिल, संपत्ति कर समय में पटाते हैं, उनको भी पीएम आवास का लाभ दिलाएंगे, 15 हजार मासिक आमदनी वाले, 5 एकड़ सिंचित और ढाई एकड़ असिंचित जमीन एवं दोपहिया वाहन वालों को पीएम आवास दिलाएंगे। महिलाओं के नाम से संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और जो 7 तारीख से पहले पटाते हैं उन्हें दस प्रतिशत की और छूट मिलेगी। नगरीय निकायों में आने वाले प्रत्येक बाजारों में माता-बहनों के सम्मान के लिए पिंक टॉयलेट बनाएंगे। अटल विश्वास पत्र के इन सभी वादों को हमारी सरकार पूरा करेगी।

### कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ में हर तरफ भ्रष्टाचार

कांग्रेस को घेरते हुए सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ में हर तरफ भ्रष्टाचार था। शराब, कोयला, बालू, डीएमएफ, महादेव एप घोटाला ये सब कांग्रेस ने किया। छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को खराब किया, पीएससी जैसी संस्था को बदनाम किया। जिससे जनता का विश्वास कांग्रेस सरकार से उठ गया था। आज पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है, जिसके दोषी जेल के अंदर है, उनका बेल नहीं हो रहा। कोयला और शराब के घोटालेबाज भी जेल के अंदर हैं। उन्होंने शराब घोटाले पर कहा कि अभी तो केवल मोहरा अंदर गए हैं, शराब घोटाला में पूर्व आदिवासी मंत्री अभी जेल में हैं, इसके मुख्य गुनहगार भी जेल में होंगे।

### हमारी सरकार ने धान खरीदी के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़े

सीएम साय ने प्रदेश के किसानों को खुशखबरी देते हुए कहा कि इस वर्ष हमारी सरकार ने धान खरीदी के पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। 25.49 लाख से अधिक किसानों ने धान बेचा है। दो से तीन दिन के अंदर धान बेचने वाले सभी 25.49 किसानों को धान की अंतर की राशि जारी करेंगे। राशि सीधे उनके खातों में पहुंचेगी। सीएम साय ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि वे कोरबा से नगरीय निकाय चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। वे जब भी ऊर्जानगरी कोरबा आते हैं, शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। पिछले तेरह महीने में हमने कोरबा निगम क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए चार सौ करोड़ की राशि दी है। उन्होंने कोरबा निगम के वार्ड क्रमांक 18 में भाजपा पार्षद प्रत्याशी नरेंद्र देवांगन को निर्विरोध पार्षद बनाने पर वार्ड के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए नगरीय निकाय चुनाव की शुरुआत बहुत अच्छी हुई है, अब तक प्रदेश के अलग-अलग नगरीय निकायों में भाजपा के 30 निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हुए हैं। बसना में भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। आगे भी नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत के चुनाव में हमारी पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिलेगी।

### पीएम मोदी की गारंटी के सभी वादे पूरे किये

विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही हमने मात्र 13 महीने में इतने काम किये हैं, जिससे 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों का विश्वास हमारी भाजपा की सरकार पर बढ़ा है। मोदी की गारंटी के सभी वादे पूरे किये हैं। 18 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास की स्वीकृति, किसानों के धान की कीमत 3100 रूपये प्रति क्विंटल, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस, 70 लाख माता-बहनों महतारी वंदन योजना का लाभ, तेंदूपत्ता का दाम 5500 रुपया प्रति मानक बोरा, ये सब उनकी सरकार ने किया है। उन्होंने श्रीरामलला दर्शन योजना से अब तक 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन लाभ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष दस हजार देने की बात कही। चुनावी सभा में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल जी, महापौर प्रत्याशी संजूदेवी राजपूत, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, प्रदेश मंत्री विकास महतो, हर्षिता पांडेय, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, राजीव सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रायपुर में लीजेन्ड 90 क्रिकेट लीग, आयोजकों ने की सीएम साय से मुलाकात, 21 नंबर की जर्सी की भेंट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से लीजेन्ड 90 क्रिकेट लीग का आगाज होने जा रहा है। 6 फ़रवरी से 18 फ़रवरी तक होने वाले लीजेन्ड 90 क्रिकेट लीग देश विदेश के लीजेन्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अपना जलवा दिखाएंगे। लीग के उद्घाटन से पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में लीजेन्ड 90 क्रिकेट लीग की आयोजन समिति के सदस्यों ने भेंट कर और उन्हें प्रतियोगिता में आमंत्रित किया।




इस अवसर पर लीजेन्ड 90 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुणेश सिंह परिहार ने मुख्यमंत्री साय को छत्तीसगढ़ वॉरियर्स टीम की 21 नंबर की विशेष जर्सी भेंट की। मुख्यमंत्री साय की जन्म तिथि 21 फ़रवरी है, इसको ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ वॉरियर्स टीम 21 नंबर की यह विशेष जर्सी भेंट की गई है। लीजेन्ड 90 क्रिकेट लीग का आयोजन इस वर्ष भारत में पहली बार किया जा रहा है। 06 फ़रवरी से 18 फ़रवरी 2025 तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। यह लीग अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन पूर्व में श्रीलंका सहित विभिन्न देशों में हो चुका है। इस भव्य प्रतियोगिता में क्रिस गेल, डेविड वॉर्नर, हरभजन सिंह, शिखर धवन, युवराज सिंह, सुरेश रैना, मैथ्यू वेड, मोइन अली, आरोन फिंच, तिसारा परेरा, रॉबिन उथप्पा, दिनेश कार्तिक, शॉन मार्श, मार्टिन गप्टिल, केदार जाधव, बेन डंक, शाकिब अल हसन और डेनियल क्रिश्चियन जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गज खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने की क्रिकेट प्रेमियों से अपील

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्रिकेट प्रेमियों से लीजेंड 90 क्रिकेट लीग के आयोजन में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। रायपुर में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट लीग में देश-विदेश के नामचीन क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में खेल अधोसंरचना को बेहतर करने के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। ओलंपिक पदक विजेताओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। बस्तर में हमने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया, जिसमें एक लाख 65 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ में क्रिकेट संबंधी अधोसंरचना को बढ़ाने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भविष्य में भी क्रिकेट के रोमांचक मैच लगातार देखने मिलेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ खेलेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान लीजेन्ड 90 के सीईओ तरुणेश सिंह परिहार ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी और छत्तीसगढ़ में इस ऐतिहासिक आयोजन के महत्व को रेखांकित किया। इस अंतरराष्ट्रीय लीग के आयोजन से छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों को दुनिया के शीर्ष क्रिकेटरों को अपने प्रदेश में खेलते देखने का शानदार अवसर मिलेगा। साथ ही, यह आयोजन राज्य में क्रिकेट के विकास को भी नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, राहुल भदौरिया (संचालक स्पोर्ट्स मिंट), सदन घोष (संचालक यारों), गौरव बत्रा और राजीव सोनी भी उपस्थित रहे।

# नवा रायपुर में दिखेगी ब्रिटिश कालीन जनजाति विद्रोह की झांकी, संग्रहालय निर्माण का 70 फीसदी कार्य पूर्ण

## प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण की स्मृति में नवा रायपुर में पुरखौती मुक्तांगन के समीप निर्माणाधीन जनजातीय संग्रहालय का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस संग्रहालय में अंग्रेजी हुकुमत के दौरान हुए जनजातीय विद्रोहों की झांकी का निर्माण किया जा रहा है।

आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने निर्माणाधीन संग्रहालय का आज निरीक्षण किया और संग्रहालय निर्माण की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने संग्रहालय के शेष कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों, ठेकेदारों और क्यूरेटर का एक दल बनाकर एक-एक गैलेरी का कार्य उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि संग्रहालय के आस-पास जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्यद्वार के पास वाटर फॉउंटेन भी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय का नाम हल्बी एवं गोंडी बोली में भी अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय के भीतर लगने वाली दुकानों को ट्राइफेड को दिए जाने के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संग्रहालय परिसर सौर ऊर्जा से उत्पन्न विद्युत से जगमगा सके, इसे ध्यान में रखते हुए सोलर प्लांट स्थापना की जाए। इस अवसर पर आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त श्री पदुम सिंह ऐल्मा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ईवीएम डेमो से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की दी गई जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के नेतृत्व में नगरीय निकाय के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में लगातार ईवीएम डेमो आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे चुनाव पर्व के अवसर पर मतदाता मतदान करने में आसानी हो। बुधवार को वार्ड क्रमांक 25 से 30, तक के मतदाताओं को ईवीएम से मतदान के सम्बन्ध में विस्तृत



जानकारी दी गई। प्रदर्शनी के दौरान मतदाताओं को बताया गया कि इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम से मतदान कराया जा रहा है। ईवीएम पर पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की एक लंबी आवाज आएगी, जिससे आपका मतदान सम्पन्न होगा। ईवीएम डेमो के माध्यम से अलग-अलग वार्डों में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# महतारी वंदन योजना : 12वीं किश्त जारी, 69 लाख से ज्यादा महिलाओं के खातों में पहुंची राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना की 12वीं किश्त की राशि जारी कर दी गई है, जिसके अंतर्गत 69 लाख 53 हजार 994 महिला हितग्राहियों के बैंक खातों में 650.32 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया है।



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महतारी वंदना योजना के तहत फ़रवरी माह में बालोद जिले में 2,50,768 हितग्राहियों को 23.10 करोड़ रुपए, बलौदा बाजार जिले में 3,27,476 हितग्राहियों को 30.97 करोड़ रुपए और बलरामपुर जिले में 2,13,300 हितग्राहियों को 19.79 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई।

इसी प्रकार बस्तर जिले में 1,91,609 हितग्राहियों को 18 करोड़ 87 हजार रुपए, बेमेतरा जिले में 2,52,906 हितग्राहियों को 23.96 करोड़ रुपए और बीजापुर जिले में 38,273 हितग्राहियों को 3.67 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया गया। बिलासपुर जिले में 4,22,741 हितग्राहियों को 39.54 करोड़ रुपए, दंतेवाड़ा जिले में 54,579 हितग्राहियों को 5.16 करोड़ रुपए और धमतरी जिले में 2,34,046 हितग्राहियों को 21.76 करोड़ रुपए की सहायता दी गई। दुर्ग जिले में 4,02,211 हितग्राहियों को 38.33 करोड़ रुपए और गरियाबंद जिले में 1,81,791 हितग्राहियों को 16.75 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 95,401 हितग्राहियों को 8.72 करोड़ रुपए की सहायता राशि मिली।

जांजगीर-चांपा जिले में 2,88,420 हितग्राहियों को 26.91 करोड़ रुपए, जशपुर जिले में 2,30,609 हितग्राहियों को 21.50 करोड़ रुपए और कबीरधाम जिले में 2,53,149 हितग्राहियों को 23.53 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। कांकेर जिले में 1,83,279 हितग्राहियों को 17.46 करोड़ रुपए, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 1,16,472 हितग्राहियों को 10.99 करोड़ रुपए, और कोंडागांव जिले में 1,39,784 हितग्राहियों को 13.08 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई।

कोरबा जिले में 2,93,353 हितग्राहियों को 27.34 करोड़ रुपए, कोरिया जिले में 59,625 हितग्राहियों को 5.62 करोड़ रुपए और महासमुंद जिले में 3,22,519 हितग्राहियों को 30.11 करोड़ रुपए की राशि का वितरण हुआ।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 1,00,895 हितग्राहियों को 9.70 करोड़ रुपए, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 81,831 हितग्राहियों को 7.59 करोड़ रुपए और मुंगेली जिले में 2,12,511 हितग्राहियों को 19.44 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। नारायणपुर जिले में 27,258 हितग्राहियों को 2.54 करोड़ रुपए, रायगढ़ जिले में 3,03,934 हितग्राहियों को 27.72 करोड़ रुपए और रायपुर जिले में 5,31,558 हितग्राहियों को 51.19 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। राजनांदगांव जिले में 2,56,724 हितग्राहियों को 24.22 करोड़ रुपए, सक्ती जिले में 1,98,777 हितग्राहियों को 18.22 करोड़ रुपए और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 1,89,156 हितग्राहियों को 16.67 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। सुकमा जिले में 52,065 हितग्राहियों को 4.91 करोड़ रुपए, सुरजपुर जिले में 2,15,518 हितग्राहियों को 20.29 करोड़ रुपए और सरगुजा जिले में 2,31,456 हितग्राहियों को 21.38 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950